नई दिल्ली
शनिवार, 23 मार्च 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 27, अंक : 348
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 34
न्यून. 19

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 28 पेजों में बताया कि केजरीवाल की 10 दिन की रिमांड क्यों जरूरी है? 28 मार्च तक रिमांड में भेजा

# ईडी का दावा : केजरीवाल ही 'घोटाले' के सरगना, 45 करोड़ गोवा चुनाव में भेजे गए

*ईडी का यह भी दावा कि केजरीवाल के घर से 150 पेज का दस्तावेज मिला जिसमें घोटाले की जांच कर रहे ईडी के अफसरों की जासूसी के तथ्य, एजेंसी ने कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए*

**ईडी के पास सब कुछ है तो फिर हिरासत क्यों? : सिंघवी**



केजरीवाल के वकील सिंघवी ने कहा कि अगर आपके पास सब कुछ है तो आप हिरासत में लेकर पूछताछ क्यों करना चाहते हैं। 80 प्रतिशत लोगों ने केजरीवाल का नाम नहीं बताया। उन्होंने यह भी नहीं कहा कि वे उनसे कभी मिले भी थे। पहला आरोप पत्र 2022 में दायर हुआ और 2 साल बाद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली शराब नीति केस में पीएमएलए कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल को 6 दिन (28 मार्च) तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया। इससे पहले 3 घंटे सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा लिया था। रात भर एक कंबल व एक गद्दे पर ईडी की कस्टडी काटने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार दोपहर 2 बजे जज कावेरी बाबेजा की राऊज एवन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई दोपहर 2.15 बजे से शाम 5.15 बजे तक चली थी। कोर्ट ने फैसला सुनाने में भी 3 घंटे का वक्त लिया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उस दौरान केजरीवाल के खिलाफ बड़ी दलीलें रखीं। 10 दिन की रिमांड भी मांगी। ईडी ने कहा कि शराब नीति इस तरह बनाई गई थी कि रिश्वत ली जा सके और रिश्वत देने वाले लोगों को फायदा पहुंचाया जा सके। केजरीवाल ही इस घोटाले के सरगना हैं। केजरीवाल ने रिश्वत लेने के ▶▶ शेष पेज 5 पर

*शुक्रवार को ईडी ने केजरीवाल को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया और 10 दिन की रिमांड की मांग की। कोर्ट ने ईडी को 6 दिन की रिमांड दी। इधर, गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ के समक्ष भी सुनवाई होनी थी। लेकिन, केजरीवाल ने अपनी याचिका वापस ले ली।*

1. *कोर्ट में पेशी पर जाते वक्त केजरीवाल ने कहा- मेरा जीवन देश के लिए समर्पित*
2. *गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली से लेकर मोहाली तक आप कार्यकर्ताओं ने काटा बवाल*
3. *भारत के 75 साल के इतिहास में पहली बार कोई सिटिंग मुख्यमंत्री गिरफ्तार हुआ है*



## दक्षिण लॉबी को करीब 592 से 600 करोड़ का फायदा हुआ : एएसजी

*एएसजी राजू ने कहा कि हाई कोर्ट ने केजरीवाल को कोई अंतरिम राहत नहीं दी है। सरकारी गवाह की विश्वसनीयता मुकदमे के दौरान की जांची जा सकती है। चेन आफ मनी ट्रेल का पता लगाने के लिए केजरीवाल के रिमांड की जरूरत है। बड़ी संख्या में डिजिटल एविडेंस मिटाए गए हैं और इसके कारण जांच एजेंसी को काफी परेशानी हुई है। आबकारी नीति के बदले रिश्वत लेना ही अपराध नहीं है, रिश्वत के बदले शराब कारोबारियों को फायदा पहुचना भी अपराध है। जांच में सामने आया है कि हवाला के जरिए 45 करोड़ रु. गोवा भेजे गए थे। 100 करोड़ की रिश्वत देकर दक्षिण लॉबी को करीब 592 से 600 करोड़ का फायदा हुआ, यह भी अपराध का हिस्सा है।*

***केजरीवाल को सीएम पद से हटाने को कोर्ट में पीआईएल:*** *-दिल्ली हाई कोर्ट में केजरीवाल से इस्तीफा देने की मांग को लेकर एक पीआईएल दाखिल की गई है। हिंदू सेना (एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत यादव* ▶▶ शेष पेज 5 पर

**अन्ना हजारे का बड़ा बयान**

### मुझे कोई दुख नहीं, उसने मेरी बात नहीं मानी



केजरीवाल की गिरफ्तारी पर समाजसेवी अन्ना हजारे ने कहा कि केजरीवाल ने कभी मेरी बात नहीं मानी। मैं पहले ही कह रहा था कि शराब पॉलिसी नहीं लागू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि और भी अच्छे काम है जो कानून के जरिए किए जा सकते हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी पर मुझे कोई दुख नहीं ▶▶ शेष पेज 5 पर

**केंद्रीय मंत्री ठाकुर बोले**

### सीएम बने रहना, जनता, कानून और लोकतंत्र का अपमान



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अरविंद केजरीवाल के उस बयान की आलोचना की है, जिसमें उन्होंने जेल से सरकार चलाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि यह जनता, कानून और लोकतंत्र का अपमान है। उन्होंने पूछा कि क्या केजरीवाल खुद को कानून से ऊपर मानते हैं। ईडी के नौ समन को नजरअंदाज किया।

**वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा**

### कोई भी सबूत नहीं मिला फिर भी गिरफ्तारी, क्यों?

*केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि रिमांड ऑटोमैटिक नहीं है। इसे पीएमएलए जैसे कानून के प्रावधानों को पूरा करना होगा। पहली शर्त यह है कि उसके पास कोई भौतिक सामग्री हो। मतलब विश्वास करने का कारण होना चाहिए। और अंततः वह दोषी होना चाहिए। ऐसा सामान्य कानून में क्यों नहीं होता? क्योंकि जब गिरफ्तारी करना मुश्किल होता है तो व्यक्ति को छोड़ना भी मुश्किल होता है। किसी को दोषी मानने की वजह और ईडी के पास मौजूद सामग्री के बीच एक कारणात्मक संबंध होना चाहिए। पहली चीज जो हमें दिखानी चाहिए वह है गिरफ्तारी की आवश्यकता। सिर्फ इसलिए कि आपके पास गिरफ्तार करने का पावर है इसका मतलब यह नहीं कि आपको इसका इस्तेमाल करना ही होगा। प्लीज, कानून को एक बार देखें। पूरी रिमांड एप्लीकेशन गिरफ्तारी के ग्राउंड्स की कॉपी पेस्ट है। अगर आपके पास सब कुछ है तो आप हिरासत में लेकर पूछताछ क्यों करना चाहते हैं। 80 प्रतिशत लोगों ने केजरीवाल का नाम नहीं बताया। उन्होंने यह भी नहीं कहा कि वे उनसे कभी मिले भी थे। अगर मेरे शिकायतकर्ता के अधीन काम* ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पीएम मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान**

## बोले- यह 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित





मोदी को वहां के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भूटान दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने वाले पीएम मोदी पहले विदेशी शासनाध्यक्ष बन गए हैं।

भूटान दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी को वहां के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया। अपनी स्थापना के बाद से यह पुरस्कार केवल ▶▶ शेष पेज 5 पर

## इसरो ने उतारा स्वदेशी 'पुष्पक' विमान



## भारत के भविष्य का अंतरिक्षयान तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार की सुबह अपने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) की लैंडिंग का सफल परीक्षण किया। इसका नाम पुष्पक है। लैंडिंग आंध्र प्रदेश के चित्रदुर्ग चल्लाकेरे में की गई। यहां डीआरडीओ की एक फैसिलिटी है, जहां पर इसकी लैंडिंग और टेकऑफ टेस्ट होते हैं। पुष्पक खास तरह का स्पेस शटल है, जो अंतरिक्ष में सैटेलाइट्स और कार्गो ले जाने का काम करेगा। इससे पहले 2 अप्रैल 2023 को इसरो, डीआरडीओ और भारतीय वायुसेना ने मिलकर इसका लैंडिंग टेस्ट किया था। उस समय चिनूक हेलिकॉप्टर से पुष्पक को 4.5 किमी की ऊंचाई से छोड़ा गया ▶▶ शेष पेज 5 पर

भुगतान का सबसे अच्छा तरीका...
आज ही डिजिटल बनें!

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ



तुरंत और आसान प्रीमियम लेनदेन

**एलआईसी कस्टमर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन**

www.licindia.in : इनके लिए सेवाएँ उपलब्ध हैं – नवीनीकरण प्रीमियम का ऑनलाइन भुगतान, अग्रिम प्रीमियम, ऋण पर ब्याज और ऋण का पुनर्भुगतान – इंटरनेट बैंकिंग; डेबिट और क्रेडिट कार्ड्स; भीम यूपीआई के माध्यम से।

**मोबाइल एप्लिकेशन**

अपनी एलआईसी प्रीमियम का भुगतान डिजिटल रूप से एलआईसी के मोबाइल एप ''एलआईसी डिजिटल'' के माध्यम से और इंटीग्रेटेड बीबीपीएस प्लेटफॉर्म के माध्यम भीम, क्रेड, गूगल पे, एमेज़ॉन पे, फोनपे, पेटीएम, टाटा न्यू, फ्री चार्ज, मोबिक्विक, अन्य मोबाइल एप्स और संग्रहण इकाईयों के उपयोग से करें।
बीबीपीएस पेमेंट्स, बिलडेस्क द्वारा संचालित।

LIC/P/2023-24/26/HIN

अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें | IRDAI Regn No.: 512
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever

नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफर्स से सावधान रहें। आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के निवेश जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है। ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएँ। बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़े।

# उम्रकैद की सजा सुनते ही भरी अदालत से हो गया था फरार, हत्या का आरोपी धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



हत्या के मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त प्रदीप उर्फ भूरा को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मार्च 2022 में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के दौरान भरी अदालत से भाग गया था। इसके पास से पांच कारतूस के साथ .32 बोर की एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद हुई है। भूरा हत्या, हिरासत से भागने और चोट पहुंचाने के तीन मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी प्रतीक्षा गोदारा के अनुसार एक वांछित और आजीवन कारावास की सजा पाए भगौड़े आरोपी प्रदीप पुत्र राम भरोसे सिंह निवासी करतार नगर, न्यू उस्मानपुर, दिल्ली को गिरफ्तार किया है। 47 वर्षीय इस बदमाश को बुधवार को तिमारपुर क्षेत्र से पकड़ा गया। इसकी गिरफ्तारी पर शाहदरा जिला पुलिस द्वारा एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया जा चुका था। गोदारा का कहना है कि स्पेशल सेल की नई दिल्ली रेंज को प्रदीप की दिल्ली, यूपी, एमपी और नेपाल के इलाकों में आवाजाही के बारे में इनपुट मिला था। तकनीकी और मैन्युअल निगरानी के माध्यम से जानकारी को और विकसित किया गया। आखिर में लगातार तीन महीनों के प्रयास के बाद बुधवार को सूचना मिली कि प्रदीप नेपाल से दिल्ली आया है और अपने किसी संपर्क से मिलने के लिए महाराजा गेस्ट हाउस, तिमारपुर में छिपा है। वह किसी जघन्य अपराध की योजना बनाकर फिर से नेपाल चला जाएगा। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और उक्त गेस्ट हाउस को चारों तरफ से घेर कर तलाशी ली गयी। जब पुलिस टीम ने उसके कमरे का दरवाजा खोला तो उसने अपनी पिस्टल निकालने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने तेजी से उसे काबू कर लिया। पूछताछ पर पता चला कि प्रदीप लॉ ग्रेजुएट है। 14.11.2006 को इसने अन्य लोगों के साथ मिलकर व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण न्यू उस्मानपुर इलाके में कृष्ण कुमार नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जमानत पर रहते हुए साल 2012 में एक शादी समारोह के दौरान हवा में अंधाधुंध फायरिंग करने का मामला भी इसके खिलाफ दर्ज हुआ था। इसने एक व्यक्ति को विरोध करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी उस दौरान दी थी। इस घटना के संबंध में सुभाष प्लेस थाने में केस दर्ज किया गया था। दो मार्च को उपरोक्त मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, तो आरोपी प्रदीप ने अपने एक साथी को इशारा दिया, जिसने एक कुर्सी उठाई और उसे जज की ओर फेंक दिया। आरोपी की इस हरकत से कोर्ट रूम में हंगामा मच गया था और आरोपी भगदड़ का फायदा उठाकर कोर्ट रूम की हिरासत से फरार हो गया था।

## टिल्लू ताजपुरिया गैंग का शार्प शूटर पकड़ा, अंतरराज्यीय हथियार रैकेट का भी भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच द्वारा टिल्लू ताजपुरिया गैंग के एक शार्प शूटर को अरेस्ट किया हे। इसके साथ ही पुलिस ने अंतरराज्यीय हथियार रैकेट का भी भंडाफोड़ किया है। शूटर के पास से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और तीन कारतूस बरामद हुये। हथियारों के स्रोत के पास से दो पिस्टल और सात कारतूस मिले। गिरफ्त में आया शूटर प्रतिद्वंद्वी गोगी गैंग के सदस्य की हत्या की योजना बना रहा था। एडिशनल सीपी संजय भाटिया के अनुसार गिरफ्त में आये शूटर का नाम सूरज लाकड़ा उर्फ गुल्लू पुत्र जगबीर निवासी सोनीपत हरियाणा है। इसकी निशानदेही पर बरामद हथियारों के स्रोत सईम अलीम उर्फ आशु पुत्र अब्दुल अलीम निवासी कबीर नगर, दिल्ली को भी पकड़ा गया। सूरज को हाल ही में कंझावला थाने के हत्या के मामले में अंतरिम जमानत मिली थी। लेकिन इसने आत्मसमर्पण नहीं किया। पूछताछ में इसने खुलासा किया कि उसका गिरोह सरगना सुनील उर्फ टिल्लू की नृशंस हत्या का बदला लेने की योजना बना रहा था। इसी उद्देश्य के लिए वह हथियार और कारतूस इकट्ठा कर रहा था। सूरज को शाहबाद डेयरी इलाके से अरेस्ट किया गया। सूरज 11वीं तक पढ़ाई करने के बाद बदमाशों के संपर्क में आया था।

## खबर संक्षेप

### महिला एवं बाल विकास विभाग ने मनाया पोषण पखवाड़ा उत्सव



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत संचालित समेकित बाल विकास योजना (आईसीडीएस) के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में जोर शोर से पोषण पखवाड़ा उत्सव मनाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को आईसीडीएस की बुढ़पुर परियोजना के अंतर्गत नरेला स्थित टीकरी खुर्द गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सहायिकाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सीडीपीओ हेमलता मलिक, सुपरवाइजर हीना, उषा, कमलेश, कॉर्डिनेटर वर्षा ने मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मनोबल बढ़ाया। यहां बताया गया कि आईसीडीएस अधिकारी भी पोषण पखवाड़ा उत्सव में शामिल होकर लाभार्थियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सहायिकाओं को मोटे अनाज के प्रति जागरूक कर रहें हैं।

### आईपी यूनिवर्सिटी में मना अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस

**नई दिल्ली।** देश की 56 प्रतिशत वन भूमि अब वनों अनुकूल नहीं रही। इन वन भूमि को पर्यावरणीय स्थापन से फिर से अनुकूल बनाया जा सकता है। सेंटर फॉर इन्वायरॉन्मेंटल मैनज्मेंट ऑफ डिग्रेडेड इकोसिस्टम, दिल्ली विश्वविद्यालय के एमेरिटस प्रोफेसर प्रो. सी आर बाबू ने यह बातें कहीं। वे शुक्रवार को आईपी यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इन्वायरन्मेंट मैनज्मेंट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर आयोजित सम्मेलन 'फ़ॉरेस्ट फॉर सस्टेनेवल सोसायतीजः इनवेशनस एंड सलूशंज़' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वानिकी के जरिए अप्रत्यासित मौसम परिवर्तन को भी कम किया जा सकता है।

## कई व्यापारियों को लगाया 3.5 करोड़ रुपये का चूना

# हाई रिटर्न का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिमी जिले के साइबर पुलिस स्टेशन की टीम ने एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। इस पर भोले भाले व्यापारियों को निवेश पर हाई रिटर्न का झांसा देकर लगभग 3.5 करोड़ रुपये का चूना लगाने का आरोप है। इसके लिये आरोपी ने विभिन्न बैंकों में सात खाते खोले थे। इसके खिलाफ 50 शिकायतें पैन इंडिया आधार पर दर्ज की गई थी।

डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार गिरफ्तार किये गये जालसाज का नाम शाहरूख खान है। इसे मलका गंज से अरेस्ट किया गया। एक शिकायतकर्ता से इसने टेलीग्राम पर निवेश और घर से काम के बहाने 47 लाख 39 हजार 554 रुपये ठगे थे। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर यह पता चला कि जालसाजों द्वारा विभिन्न बैंकों में कई खाते खोले गए थे, जहां उनके द्वारा असीमित धोखाधड़ी वाले लेनदेन किए गए। खाताधारकों ने आधार कार्ड पर पता बदल कर खाते खुलवाये थे। बैंक खाताधारकों का विवरण भी बैंक से प्राप्त किया गया जो शाहरूख खान पुत्र रईस निवासी नाईवालान करोल बाग दिल्ली के नाम से पाया गया। छापेमारी करने पर पता चला कि इस नाम का कोई भी व्यक्ति नाईवालान करोल बाग में नहीं रहता। बाद में टीम जालसाज की वास्तविक पहचान करने में कामयाब रही और उसे पकड़ने में कामयाब रही। जांच के दौरान आरोपी व्यक्ति के नाम पर विभिन्न बैंकों में सात बैंक खाते पाए गए हैं, जिनमें कथित तौर पर लगभग 3.5 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ था। इन खातों के खिलाफ पैन इंडिया आधार पर लगभग 50 शिकायतें दर्ज की गई थी। पूछताछ में पता चला कि इस अपराध में जुनेद नाम का शख्स भी शामिल था। ठगी गई रकम को जोड़ने के साथ-साथ पूरे सिंडिकेट का भंडाफोड़ करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## फर्जी वीजा रैकेट में शामिल ट्रेवल एजेंट तमिलनाडु से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आईजीआई एयरपोर्ट टीम ने फर्जी वीजा रैकेट में शामिल एक ट्रेवल एजेंट को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है। इसने दो लोगों के लिये इटली के नकली वीजा की व्यवस्था की थी। बाद में दोनों महिला यात्री इटली जाने के बजाये सलाखों के पीछे चली गई थी। एजेंट पिछले 10 साल से तमिलनाडु में एक ट्रैवल एजेंसी चला रहा था। आरोपी एजेंट का नाम रॉबिन राजू पुत्र सत्य दास निवासी नीलिकोनामपालयम, कोयंबटूर, तमिलनाडु है। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार 30 दिसंबर 2018 को दो भारतीय महिला यात्री इटली की यात्रा करना चाहती थी। दोनों महिला केरल की रहने वाली थी। यात्रा दस्तावेजों की जांच के दौरान यह पाया गया कि उनके पासपोर्ट पर चिपकाया गया इतालवी शेंगेन वीजा नकली है। इसके बाद दोनों को अरेस्ट कर लिया गया था। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि दोनों दोस्त हैं और वे अपनी आजीविका और पैसा कमाने के लिए विदेश जाना चाहती थी। सिनी



जोसेफ की एक दोस्त, जो इटली में थी, ने उसे एक एजेंट रॉबिन राजू का मोबाइल नंबर मुहैया कराया था। इसके बाद उनकी मुलाकात एजेंट रॉबिन राजू से हुई, जिसने उन्हें आश्वासन दिया कि वह अपने सहयोगियों की मदद से दो लाख रुपये में उनकी इटली यात्रा की व्यवस्था करेगा। दोनों यात्रियों ने आगे खुलासा किया कि उन्होंने एजेंट के खाते में अग्रिम राशि के रूप में 80 हजार रुपये भी भेज दिए थे। शेष राशि का भुगतान गंतव्य बिंदु पर पहुंचने के बाद किया जाना तय हुआ था। जांच के दौरान, एजेंट के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। हाल ही में एक इनपुट के आधार पर चेन्नई में छापा मारा गया और एजेंट को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह पिछले 10 वर्षों से तमिलनाडु के कोयंबटूर में 'रॉबिन ट्रैवल्स' के नाम से एक ट्रैवल एजेंसी चला रहा था। अपने काम के दौरान वह कुछ ऐसे एजेंटों के संपर्क में आया जो विदेश भेजने के नाम पर लोगों से ठगी करते थे। इसके बाद वह उनके साथ मिलकर लोगों को चूना लगाने लगा। अन्य एजेंटों की संलिप्तता का पता लगाने और आरोपी के बैंक खातों की जांच करने के लिए मामले की जांच जारी है।

# जेएनयू में छात्रसंघ चुनाव संपन्न, परिणाम कल

## एबीवीपी ने छात्रों को दिया धन्यवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ (जेएनयएसयू) के चुनाव के लिए मतदान शुक्रवार को संपन्न हो गया। मतदान के लिए विभिन्न अध्ययन केंद्रों में कुल 17 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

जेएनयूएसयू के केंद्रीय पैनल के लिए कुल 19 उम्मीदवार मैदान में हैं, वहीं स्कूल काउंसिलर के लिए 42 लोग किस्मत आजमा रहे हैं। छात्र संघ अध्यक्ष पद के लिए आठ उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है। केंद्रीय पैनल में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और महासचिव होते हैं। शुक्रवार को दिनभर जेएनयू कैंपस में ढोल, नगाड़े, भारत माता की जय और वन्दे मातरम् के नारे लगते रहें। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने चुनाव में पक्षपात एवं धांधली होने का पूरा संदेह का आरोप लगाया है। सुबह मतदान का 2 घंटे बाद शुरू होना, चुनाव समिति के प्रबंधन की नाकामी को दर्शाता है। इस पूरे चुनाव प्रक्रिया में चुनाव समिति का पक्षपाती रवैया इस ओर संकेत करता है कि जहां पर भी वामपंथ थोड़ा बहुत भी बचा है वहां लोकतंत्र सुरक्षित नहीं है। एबीवीपी ने चुनाव समिति से बैलेट पेपर कितने छपे, कहां से छपे और कितने प्रयोग हुए उसे सार्वजनिक करने की मांग की है। साथ ही एबीवीपी के प्रत्याशी अध्यक्षः उमेश चंद्र अजमीरा, उपाध्यक्षः दीपिका शर्मा, सचिवः अर्जुन आनंद और संयुक्त सचिवः गोविंद डांगी ने जेएनयू स्टूडेंट्स को एक स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण हेतु उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु धन्यवाद दिया है। एबीवीपी जेएनयू के मंत्री विकास पटेल ने कहा कि एबीवीपी हमेशा से एक स्वस्थ एवं लोकतांत्रिक छात्रसंघ के लिए प्रयासरत रही है। हमारे प्रत्याशी, एबीवीपी द्वारा किए गए 5 वर्षों के कार्यों को लेकर विद्यार्थियों के बीच गए और हमें उनसे भरपूर समर्थन भी प्राप्त हुआ है। हम सभी परिस्थितियों में जेएनयू के छात्रों के साथ खड़े रहे हैं जिसका परिणाम हमें 24 मार्च को जरूर प्राप्त होगा। इस समूचे चुनाव प्रक्रिया में चुनाव समिति का अलोकतांत्रिक और पक्षपाती रवैया देखने को मिला है। यह चुनाव समिति पूरे तरीके से वाम छात्र संगठनों के साथ मिलकर पक्षपात करते हुए जेएनयू का चुनाव कराने वाली रही है।

# हरकत में आया प्रशासन, बाढ़ एवं सिंचाई विभाग ने बनाया पक्का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में 'विकास कार्यों की निगरानी नहीं होने से अधर में कार्य' शीर्षक से इस वर्ष तीन मार्च को हरिभूमि में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आए दिल्ली सरकार के बाढ़ एवं सिंचाई विभाग (फ्लड) ने अधूरे पड़े कच्चे मार्ग को पक्का बना दिया है। वहीं, फ्लड विभाग के अधिकारी ने मार्ग पक्का होने के बाद बताया कि कुछ मार्ग अभी भी कच्चा और वह तभी पक्का हो पाएगा जब इस मार्ग से पुलिस का अस्थायी




तय समय के बाद भी पूरा नहीं हुआ कार्य
विकास कार्यों की निगरानी नहीं होने से अधर में कार्य

टैंट हटाया जाएगा। अधिकारी ने उम्मीद जताई है कि बाकी का यह कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा। बता दें कि किसान आंदोलन को लेकर पुलिस ने इस मार्ग पर अपना टेंट लगाया हुआ है। बता दें कि नरेला विधानसभा के सिंघु गांव में फ्लड विभाग के सीडी 6 की निगरानी में जीटी करनाल मार्ग के साथ सिंघु गांव से ताजपुर कलां मार्ग तक नहर संख्या 6 पर गांव की तरफ सड़क और सुरक्षा दीवार का कार्य 14 मार्च 2023 तक पूर्ण होना था लेकिन अभी भी यह कार्य पूरा नहीं हो पाया है। यह विकास कार्य 15 नवंबर 2022 से शुरू हुआ था। इस कार्य की अनुमानित लागत करीब एक करोड़ 74 लाख रुपए थी और ठेकेदार ने इसे करीब एक करोड़ 18 लाख रुपए में प्राप्त किया था। वहीं, इस मामले में संबंधित कार्यकारी अभियंता मनीष अग्रवाल ने बताया था कि जल्द ही इस मार्ग का कार्य किया जाएगा। साथ ही बता दें कि कांग्रेस की शीला सरकार के कार्यकाल के दौरान भी इस नहर पर सड़क निर्माण के लिए पत्थर डाले गए थे लेकिन सड़क का निर्माण नहीं हो सका था। इसके बाद केजरीवाल शासन में इस मार्ग पर पत्थर डाल कर छोड़ दिए गए थे और मार्ग कच्चा ही था, जिसकी खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

## दिल्ली भाजपा का होली मंगल मिलन समारोह

# वैमनस्य भुला कर पारस्परिक प्रेम व सौहार्द बढ़ाने का पर्व है होली : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




होली वैमनस्य भुला कर पारस्परिक प्रेम सौहार्द बढ़ाने का पर्व है। उन्होंने कहा की आज हम सब राष्ट्र विकास में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास रंगों को अपनाने का संकल्प लेते हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय परिसर में आयोजित विशेष होली मंगल मिलन समारोह के दौरान होली की शुभकामनाएं देते हुए उक्त बातें कहीं।

बता दें कि दिल्ली भाजपा मीडिया विभाग ने शुक्रवार को मीडिया कर्मियों के साथ विशेष होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर एवं मीडिया रिलेशन विभाग प्रमुख विक्रम मित्तल ने मंच से सभी गणमान्य पत्रकारों एवं पार्टी नेताओं का स्वागत किया और गुलाल अबीर लगा कर एवं फूल वर्षा करके स्वागत किया। वहीं, सांसद मनोज तिवारी ने होली पर एक गीत गाया, बांसुरी स्वराज ने अपने भजन से रिझाया तो विधायक अजय महावर ने गीत गा कर होली के रंग बिखारे।

समारोह में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के अलावा, संगठन महामंत्री पवन राणा, सांसद एवं प्रत्याशी मनोज तिवारी, सांसद रमेश बिधूड़ी, विधानसभा में नेता विपक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी, नई दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज, चांदनी चौक से प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल, जम्मू-कश्मीर सह प्रभारी आशीष सूद, विधायक विजेन्द्र गुप्ता, मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, अभय वर्मा एवं अनिल बाजपेई, विनोद सहरावत, निगम में उपनेता जय भगवान यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष, मंत्री, प्रवक्ता, मोर्चा अध्यक्ष आदि सम्मलित हुए।

### होली पर मेट्रो दोपहर 2.30 बजे के बाद चलेगी

**नई दिल्ली।** होली (दुलहन्डी) के अवसर पर सोमवार को दिल्ली मेट्रो व दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की सेवाएं दोपहर दो बजे तक बंद रहेगी। जबकि दोपहर बाद आम दिनों की तुलना में मेट्रो व बसों की संख्या कम होगी। इस बारे डीएमआरसी ने बताया कि दुलहन्डी के अवसर पर 25 मार्च 2024 को मेट्रो ट्रेन सेवाएं दोपहर तक बंद रहेगी। लेकिन 2:30 बजे से रैपिड मेट्रो, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन सहित दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर मेट्रो सेवाएं उपलब्ध होंगी। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने भी घोषणा की है कि दुलहन्डी) के अवसर पर 25 मार्च 2024 को सुबह की प्रथम पाली में दोपहर दो बजे तक सभी सेवाएं पूर्ण रूप से बंद रहेगी। जबकि दोपहर दो बजे बाद केवल 25 प्रतिशत सेवाएं ही चलेगी।

## दिल्ली विधानसभा की बैठक रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को पानी और सीवरेज के मुद्दों पर होने वाली दिल्ली विधानसभा की बैठक को रद्द कर दिया गया है। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया कि सदन की अगली बैठक 27 मार्च को होगी। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के बाद यह बैठक रद्द की गई है। शुक्रवार को सदन की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में मुख्य सचिव को उन मुद्दों पर रिपोर्ट पेश करनी थी जिन्हें सुलझा लिया गया है। दिल्ली विधानसभा ने आधिकारिक बुलेटिन में कहा कि माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि माननीय अध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि आज यानी 22 मार्च 2024 को होने वाली सदन की बैठक रद्द की जाती है। इसमें कहा गया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों के नियम -17 (सदन का स्थगन और पुनः बुलाने की प्रक्रिया) के उप-नियम (एक) के अनुसरण में, माननीय अध्यक्ष ने निर्णय लिया है कि सदन की अगली बैठक 27 मार्च को सुबह 11:00 बजे होगी।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उम्मेद सिंह उर्फ अनीस उर्फ अन्नी, पुत्रः** शंकर सिंह, **पताः** मकान नं. 1, गली नं. पूर्वी रोहताश नगर, शाहदरा दिल्ली, यहाँ भीः– गांव जसकोट, पुलिस स्टेशन श्री नगर, जिला पोड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड ने **FIR No. 431/2018, U/s 279/337 IPC, थानाः वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उम्मेद सिंह उर्फ अनीस उर्फ अन्नी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उम्मेद सिंह उर्फ अनीस उर्फ अन्नी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 431/2018, U/s 279/337 IPC, थानाः वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्ता **उम्मेद सिंह उर्फ अनीस उर्फ अन्नी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.05.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति शर्मा
महानगर दण्डाधिकारी, महिला न्यायालय–01
शाहदरा, कमरा नंबर 55,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/3015/NE/2024-
(Court Matter)



**IndusInd Bank**

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public**
**IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below**

| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DBR02302C | Danish Khan | DL3CCX7487 | K10CNC215230 | MA3RFL61SPA420456 | Maruti S Presso Vxi | Jan-23 |
| DDY04160C | Vansh Bharti | DL14CG0727 | K10CNC088705 | MA3JMTB1SNE691343 | Maruti WagonR Vxi Cng | May-22 |
| DBR0741C | Saurabh Cabs Company | DL1ZD0425 | K15BN1102170 | MA3BNC22SKM213555 | Maruti Ertiga Tour M | Nov-19 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

Place : New Delhi
Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245

## पुलिस ने 'आप' के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, विधायकों और पार्षदों को लिया हिरासत में

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया और इस दौरान 'अरविंद तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं' के नारे भी लगाए गए। पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान दिल्ली की कैबिनेट मंत्री मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और अन्य को हिरासत में लिया। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा मुख्यालय की ओर मार्च करने से रोकने के लिए कई स्तरों पर अवरोधक लगाए गए और बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया। मध्य दिल्ली में राउज एवेन्यू मार्ग पर आप मुख्यालय के बाहर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहा। कई प्रदर्शनकारी सुबह करीब साढ़े दस बजे भाजपा कार्यालय की ओर कूच करने के लिए दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर इकट्ठा हुए, जहां पुलिस ने उन्हें बसों में बैठा लिया। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए अर्धसैनिक बल के जवान भी तैनात किए गए हैं।

पुलिस ने जब आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की कोशिश की तो कई सड़क पर भी लेट गए। महिला पुलिसकर्मियों को महिला प्रदर्शनकारियों को घसीटते हुए देखा गया। इनमें से कई प्रदर्शनकारी केजरीवाल की तस्वीर लिए हुए थे। पुलिस के अनुसार अब तक 50 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है और मध्य दिल्ली से दूर स्थित विभिन्न पुलिस थानों में ले जाया गया है। आप ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति पैदा हो गई है और भाजपा नेताओं को जेल भेजकर या उन्हें डरा-धमका कर अपने साथ शामिल कर विपक्षी दलों को खत्म करने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने दावा किया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी भाजपा की सबसे बड़ी राजनीतिक गलती साबित होगी। जैसे ही दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और अन्य ने सुबह 11 बजे के आसपास भाजपा मुख्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश की, उन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर बस में बैठा लिया। पुलिस ने इस क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए कहा। हिरासत में लेने की कोशिश के दौरान आप कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। इसी तरह जब महिला पुलिसकर्मियों ने आतिशी को रोकने की कोशिश की तो वह उनसे भिड़ गईं। पार्टी कार्यकर्ता सड़क पर ही बैठ गए और नारे लगाने लगे। पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने उन्हें हटाने का प्रयास किया और नहीं हटने पर उन्हें हिरासत में ले लिया। आतिशी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि मुझे आईटीओ पर शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन करते समय दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। पहले यह लोग दिल्ली के मुख्यमंत्री को झूठे मामले में गिरफ्तार करते हैं, फिर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों को भी गिरफ्तार किया जा रहा है। यह लोकतंत्र की हत्या नहीं तो क्या है। पंजाब के मंत्री हरजोत बैंस को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर डीडीयू मार्ग की ओर जाने वाली सड़कें बंद होने के कारण सुबह वाहन चालकों को आईटीओ, राजघाट और विकास मार्ग पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर यातायात जाम की स्थिति बनी रही। मध्य दिल्ली में ईडी कार्यालय क्षेत्र के आसपास की सड़कें भी बंद कर दी गईं।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने आईटीओ स्टेशन को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक बंद रखने की घोषणा की है। हिरासत में लिए जाने के कुछ घंटों बाद भारद्वाज ने अलीपुर पुलिस थाने से 'एक्स' पर एक वीडियो जारी किया जिसमें वह अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मेरा रंग दे बसंती चोला' गाना गाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के दौरान भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केजरीवाल के परिवार के सदस्यों को घर में कैद कर दिया गया है और किसी को भी उनसे मिलने की इजाजत नहीं दी जा रही है।



### केंद्र सरकार की यह तानाशाही है : आतिशी

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आम आदमी पार्टी के नेता, मंत्री, विधायक और कार्यकर्ता सुबह से ही पार्टी मुख्यालय पहुंचने लगे थे। इस कड़ी में दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज भी पार्टी मुख्यालय में पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन दिल्ली पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। पुलिस ने दोनों नेताओं को जबरन हिरासत में लेकर बस में बैठाने का प्रयास किया। इसका नेताओं ने विरोध किया लेकिन पुलिस ने उनकी एक न सुनी और जबरदस्ती बस में बैठा दिया। इस दौरान आतिशी ने सीएम की गिरफ्तारी पर कहा कि यह मोदी सरकार की तानाशाही है।

### आप को कुचलने के लिए मोदी सरकार ने पूरी ताकत लगा दी है : भारद्वाज

सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गुंडागर्दी करके हमको कुचलने की कोशिश कर रही है। वह जिसको सुपारी जितनी छोटी पार्टी कहते थे, केंद्र सरकार ने आज उसे कुचलने के लिए पूरी ताकत लगा दी है। उन्होंने कहा कि देश में पूरी तरह से गुंडागर्दी चल रही है। सीएम अरविंद केजरीवाल के परिवार वालों को घर में नजरबंद किया हुआ है। उनकी मां एक दिन पहले ही अस्पताल से आई थीं और उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया।

### आज देश में एक अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति पैदा हो गई : संदीप

इस संबंध में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. संदीप पाठक ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि आज देश में एक अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति पैदा हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी सभी विपक्षी दलों को खत्म करने के लिए उनके नेताओं को या तो जेल में डाल रही है या फिर उनको डरा-धमका कर अपनी पार्टी में शामिल करा रही है। विपक्षी दलों के जो भी नेता बीजेपी में शामिल हो रहे हैं, उनको तो क्लीन चिट मिलते जा रही है।




### डीटीसी कर्मचारी संगठन ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की खुशी में ढोल बजाए, लड्डू बांटे

**नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद जहां** आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता व कांग्रेस पार्टी विरोध कर रही है। वही दूसरी तरफ दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) कर्मचारियों से जुड़ी डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन ने सीएम की गिरफ्तारी की खुशी में ढोल बजाकर लड्डू बांटे। संगठन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को डीटीसी मुख्यालय इंद्रप्रस्थ डिपो के बाहर बकायदा ढोल व म्यूजिक सिस्टम लगाकर लड्डू बांटे। इस बारे में संगठन के अध्यक्ष ललित चौधरी व महामंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी पर डीटीसी कर्मी खुश है। क्योंकि केजरीवाल ने दिल्ली की सत्ता में आने के बाद वर्षों पुरानी सार्वजनिक परिवहन की ऐतिहासिक डीटीसी बस सेवा का पूरी तरह बेड़ा गर्क करके रख दिया है। दिल्ली की पहचान कही जाने वाली डीटीसी को अगर किसी ने बर्बाद किया है तो वह केवल और केवल केजरीवाल है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ उनके विधायक, पार्षद तक नहीं उठा रहे आवाज : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ उनके विधायक, निगम पार्षद तक आवाज नहीं उठा रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सांसद मनोज तिवारी और प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के साथ शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली में लगातार अपने भ्रष्टाचार को ढकने के लिए संविधान एवं कानून का उल्लंघन एवं अपमान करते हुए देखा है, लेकिन सबने देखा है कि अपने-अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए दो राजनीतिक पार्टियों ने गठबंधन किया है जिसमें एक आरोपी है तो दूसरी पार्टी उसकी वकील बनी है लेकिन लम्बी दांव पेंच के बावजूद भी कोर्ट से राहत नहीं मिली। इस दौरान सांसद तिवारी ने कहा कि जेल से गैंग चलते देखे हैं सरकार नहीं। केजरीवाल के जेल जाने की आज जितनी खुशी असली कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हुई होगी उतनी खुशी तो दिल्ली वालों को भी नहीं हुई होगी। वहीं, बांसुरी स्वराज ने कहा कि केजरीवाल को समझना होगा कि कानून उन तक पहुंच चुका है और शीघ्र न्याय होगा और उन्हें सज़ा भी होगी।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस ने की प्रेसवार्ता रदद

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा गुरुवार देर रात गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को होने वाली एक अहम प्रेस वार्ता को रद्द कर दिया। हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि मैं इस पर किसी प्रकार की टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा कि माननीय अदालत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी आदि पर क्या फैसला लिया है। क्योंकि यह एक न्यायिक प्रक्रिया है जिसका हमें सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा लेकिन कांग्रेस ने केजरीवाल की गिरफ्तारी किस समय की गई है इसको लेकर समय पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि सरकार चुनाव के लिए समान अवसर नहीं चाहती है। बता दें कि लवली व पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा गुरुवार को देर रात को केजरीवाल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के समय उनके आवास पहुंचे थे और मंत्री आतिशी के साथ मौजूद थे। उस समय भी लवली ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा पर सवाल उठाए थे और कहा था कि कांग्रेस इस समय आप पार्टी के साथ खड़ी है।

### केजरीवाल ने शराब नीति लागू करते हुए किसी की नहीं सुनी : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शुक्रवार को कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शराब नीति लागू करते समय किसी की भी नहीं मानी। यहां तक कि अपने गुरू अन्ना हजारे की भी नहीं सुनी और विधानसभा में हमारी सलाह पर भी अमल नहीं किया। यही वजह है कि अब उन्हें ये दिन देखने पड़ रहे हैं। बिधूड़ी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के गुरू व समाज सुधारक अन्ना हजारे ने अब कहा है कि अरविंद केजरीवाल को अपने कर्मों की सजा मिल रही है। वास्तव में उन्होंने दिल्ली में शराब नीति लागू करते समय किसी की सलाह की परवाह नहीं की। अन्ना हजारे ने उन्हें उस समय भी स्वराज की याद दिलाई थी और कहा था कि इस पुस्तक में उन्होंने बड़ी-बड़ी बातें कही हैं लेकिन दिल्ली की सत्ता संभालने के बाद उन सब बातों को भूल गए हैं। इसके बावजूद केजरीवाल ने उनकी बातों पर गौर नहीं किया। बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में 500 नए स्कूल-कॉलेज खोलने, 15 हजार बसें चलाने और 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने के वादे के साथ सत्ता में आई थी लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब के भ्रष्टाचार का ऐसा चस्का लगा कि वह सारे वादे भूल गए और स्कूल-कॉलेज, बसें या पानी उपलब्ध कराने की बजाय गली-गली में शराब के ठेके खोल डाले। बिधूड़ी ने याद दिलाया कि हमने विधानसभा में अनेक बार केजरीवाल को यह सलाह दी थी कि वह शराब नीति को लागू नहीं करें क्योंकि भाजपा इस तरह दिल्ली में शराब की नदियां नहीं बहने देगी। इससे युवा पीढ़ी पूरी तरह पथभ्रष्ट हो जाएगी लेकिन केजरीवाल को कुछ भी दिखाई नहीं दिया और न ही उन्होंने किसी सलाह पर अमल किया। इसीलिए अब उन्हें शराब नीति के कारण ही जेल जाना पड़ा है।

Hero

इंडिया की सर्वाधिक बिकने वाली बाइक्स

HF डीलक्स, पैशन+ और स्प्लेंडर+ पर इंडिया का अटूट भरोसा है. सालों से करोड़ों भारतीयों ने इन्हें अपनी तरक्की का हमसफ़र बनाया है. इस साल, आप भी हीरो घर लाएं और नंबर 1 क्लब$ में शामिल हो जाएं.




रेंज ₹59,998/-˘ से शुरू

किसी भी कॉर्पोरेट/संस्थागत पूछताछ के लिए corporate.enquirynz@heromotocorp.com पर ईमेल करें

EMI ₹2699^ से शुरू | कम डाउन पेमेंट ₹7777^ | आधार कार्ड पर^ लोन और कैश EMI

Hero 112 MILLION MADE OF TRUST

Hero GoodLife अतिरिक्त कैश डिस्काउंट ₹2000˜ तक

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

6000^^ km OR 6 Months Service interval

Exchange Powered By Wheels of Trust^^ बेस्ट रीसेल वैल्यू के लिए स्कैन करें

कॉल टोल-फ्री 1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. ǂHighest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. ˜On successful redemption of Hero GoodLife Sales Voucher. Offer valid for eligible Hero GoodLife Members only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ^^Terms and Conditions apply.˘Starting price of HF Deluxe Drum Brake Kick Start in Delhi.

Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero: 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road)- Pashupati Hero- 9289922381, Pul Prahladpur Badarpur Singla Hero–9289922771, Okhla Phase II: A R C Hero - 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero: 9289922380, PushtaKartar Nagar - Aman Hero - 9289922735, Dilshad Garden - RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222 North Delhi: Azadpur - Shraman Automobiles: 9289923185, Rithala (Rohini) - Metro Hero - 9289922597, Budh Vihar: JMD Automotives - 7838685858, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero - 9289922382, Upper India Hero – 9717198198, West Delhi: ROSHAN VIHAR (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero– 9289922530, Tilak Nagar - Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310, Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT – 7217627327 Gurgaon: Himgiri Hero - 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero - 9289922051, Jaasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad): 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road): 9289924248, Sohna: Auto Links Hero, No.160/2 Delhi Road, Sohna- 9289924089, Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector-63- 9289923044, Uppal Hero- B 124, Sector-5: 9289922462, Singla Hero, C-70, Sector-58: 9289923059; Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road - 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289923068 Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486 BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road, 9289922504; Krishna Hero, Raje Babu Road, 9289922410

WT.5687.2024HIN

## खबर संक्षेप

### पुलिस की ईवीआर में मारी टक्कर, गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** भोंडसी थाना एरिया में बैटरी चोरी कर रहे युवकों ने गाड़ी ने बूम बेरियर तोड़ने के बाद पीछा कर रही पुलिस की ईआरवी में टक्कर मारकर सड़क के नीचे धकेल दिया। हमले में पुलिस कर्मियों को चोटें आई, वहीं आरोपी अपना वाहन छोड़कर फरार हो गए। जिनमें से पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घायल पुलिस कर्मियों को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है।

### भाईचारे से मना होली मिलन समारोह



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद इंकम टैक्स बार एसो द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने शिरकत की। इस दौरान जहां भव्य फूलों की होली खेली गई वहीं विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आगुंतकों ने लुत्फ उठाया। मुख्यातिथि का एसो के प्रधान एडवोकेट शशिकांत सिंह सहित तमाम टीम ने स्वागत किया।

### लापता महिला को किया परिजनों के हवाले




**फरीदाबाद।** अपराध शाखा कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने लापता महिला को तलाश कर परिजनों के हवाले किया है। महिला घर से 12 मार्च को बिना बताए निकल गई थी। परिजनों ने इसकी शिकायत थाना तिगांव में दी थी। अपराध शाखा ने दिल्ली से महिला को लाकर परिजनों के हवाले किया। महिला ने बताया कि परिजनों से लड़ाई झगड़े से परेशान थीं।

### 20हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** थाना मुरादनगर पुलिस ने पिछले 5 सालों से फरार चल रहे 20 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। एसीपी सचिदानन्द ने बताया कि आरोपी राहुल मिश्रा को थाना मुरादनगर क्षेत्र से गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की। 5 साल से फरार राहुल के लिए पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जोन ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था।

### टॉस्क के नाम पर युवक से 1. 45 लाख ठगे




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम ईस्ट एरिया में टॉस्क देने के नाम पर युवक से 1 लाख 45 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। वैभव यादव ने कहा कि उसके फोन पर एक मैसेज आया, जिसमें उसे ऑनलाइन काम देने की बात कही गई। उसे टॉस्क दिए गए। ज्यादा रुपए कमाने के लिए थोड़ा इंवेस्ट करने के लिए कहा गया था।

### 400 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 प्रभारी हिमांशु की टीम ने नशा तस्करी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी अवतार को अपराध शाखा टीम ने गोल्ड फिल्ड अस्पताल अरुआ रोड से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना छायंसा में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।


# उद्योगों में महिलाओं के योगदान व उपलब्धियों का मनाया जश्न

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**

बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी ने अपनी वीमेन इन लीडरशिप कॉन्फ्रेंस-2024 बोल्ड, ब्रिलिएंट ऐंड बियॉन्ड के दूसरे संस्करण का सफल आयोजन किया। गुरुग्राम में आयोजित इस एक दिवसीय इवेंट में विभिन्न उद्योगों में लीडरशिप भूमिकाएं निभा रही महिलाओं के योगदान और उनकी उपलब्धियों को सराहने के साथ ही लैंगिक समानता को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया। यह मंच विचारकों, शोधकर्ताओं, पेशेवरों, शिक्षक और आविष्कारक को साथ लाया। कॉन्फ्रेंस के दौरान नेतृत्व में महिलाओं की भूमिकाओं, अवरोधों, लिंग के आधार पर हस्तक्षेप और महिलाओं के सशक्तिकरण पर चर्चा की व अपने विचारों का आदान-प्रदान किया।

» गुरुग्राम में आयोजित इस एक दिवसीय इवेंट में विभिन्न उद्योगों में लीडरशिप भूमिकाएं निभा रही महिलाओं के योगदान और उनकी उपलब्धियों को सराहने के साथ ही लैंगिक समानता को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया।

बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी की वीमेन इन लीडरशिप कॉन्फ्रेंस-2024




### महिला सशक्तिकरण के जरिए हासिल हो सकती प्रगति

कार्यक्रम में श्रद्धा सूरी मारवाह सीएमडी सुब्रोस एवं अध्यक्ष एसीएमए, डॉ. रितु कारीधाल श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक, इसरो, मानसी त्रिपाठी उपाध्यक्ष शेल एशिया पैसिफिक व भारत में शेल ग्रुप ऑफ कंपनीज की अध्यक्ष, डॉ. अनीता गुप्ता सलाहकार व वैज्ञानिक डीएसटी भारत सरकार, डॉ. गीता वेंकटरमन प्रोफेसर मैथेमैटिक्स, डॉ. बीआर अंबेडकर यूनिवर्सिटी ने अपने विचार रखे। प्रेसिडेंट स्वाति मुंजाल ने कहा कि बीएमयू का विश्वास है कि महिला सशक्तिकरण के जरिए ही प्रगति हासिल की जा सकती है। श्रमबल में महिलाओं को रखकर और उन्हें लगातार समर्थन देकर हम तीव्र वृद्धि से प्रगति की संभावनाएं खोल सकते हैं। हम प्रतिभाशाली महिला लीडर्स को उन कौशल से लैस करने व सपोर्ट करने पर काम कर रहे हैं जो उनकी पेशेवर यात्रा में सफलता के लिए आवश्यक हैं। अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली प्रेरणादायक महिला लीडर्स को एक साथ लाने वाली यह डब्ल्यूआईएल कॉन्फ्रेंस बहुत सफल रही।

### द्वारका एक्सप्रेसवे पर एनएचएआई की सख्ती

# बेकाबू रफ्तार पर अंकुश लगाने स्पीड व सर्विलांस कैमरों से नजर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**

◆ द्वारका एक्सप्रेसवे पर एनएचएआई अब बेकाबू रफ्तार पर अंकुश लगाने के लिए स्पीड व सर्विलांस कैमरों से नजर रखेगा। इसका काम एक कंपनी को आवंटित कर दिया गया है। अगले 6 महीने के भीतर कैमरों को लगा दिया जाएगा।

द्वारका एक्सप्रेसवे पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अब बेकाबू रफ्तार पर अंकुश लगाने के लिए स्पीड और सर्विलांस कैमरों से नजर रखेगा। एनएचएआई तेज रफ्तार वाहनों के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए द्वारका एक्सप्रेसवे और एनएच-48 पर स्पीड कैमरे और सर्विलांस लगाने जा रही है।

इसका काम एक कंपनी को आवंटित कर दिया गया है। अगले छह महीने के अंदर इन कैमरों को लगा दिया जाएगा। स्पीड कैमरे के साथ-साथ सर्विलांस कैमरे भी लगाए जाएंगे। इनका कंट्रोल रूम द्वारका एक्सप्रेसवे पर दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर पर गांव बजघेड़ा के समीप स्थित टोल प्लाजा पर बनाया जाएगा। 11 मार्च को द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

करीब 29 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे का गुरुग्राम हिस्सा खुलने के बाद 120 से 150 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से वाहन दौड़ रहे हैं, जबकि स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित है। इसके अलावा गलत दिशा में वाहन चल रहे हैं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस कर्मी हादसों को कम करने के लिए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों के चालान काट रही है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए एनएचएआई ने चुनाव आचार संहिता लगने से पूर्व एक कंपनी को स्पीड और सर्विलांस कैमरे लगाने का ठेका आवंटित कर दिया है।

**खास बातें**

- दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर पर गांव बजघेड़ा के समीप स्थित टोल प्लाजा पर बनाया जाएगा
- एक्सप्रेसवे का गुरुग्राम हिस्सा खुलने के बाद 120 से 150 किमी प्रति घंटा की स्पीड से दौड़ रहे हैं वाहन



**25 करोड़ रुपए खर्च का अनुमान**

द्वारका एक्सप्रेसवे पर 60 स्पीड और सर्विलांस कैमरे लगाए जाएंगे। एनएच 48 और द्वारका एक्सप्रेसवे के क्लोवरलीफ पर पांच कैमरे लगाए जाएंगे। एनएच-48 पर दिल्ली के महिपालपुर से लेकर खेड़की दौला टोल प्लाजा तक 60 कैमरे लगाने की योजना है। इस पर करीब 25 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा।

**15 दिनों में काम हो जाएगा शुरू**

एनएचएआई के एक अधिकारी ने बताया कि अगले 10 से 15 दिन के अंदर ठेकेदार इस कार्य को शुरू कर देगा। छह महीने के अंदर इस कार्य के होने के बाद यातायात उल्लंघन पर कैमरों की मदद से चालान काटे जाएंगे। यदि कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त होता है तो कंट्रोल रूम की तरफ से बचाव दल को सूचित किया जाएगा। 10 मिनट के अंदर बचाव दल मौके पर पहुंच जाएगा।

### समय से गृह कर जमा करें करदाता

# फरवरी के सापेक्ष मार्च में कम वसूली पर नगर आयुक्त ने जताई चिंता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद**



नगर निगम ने कर वसूली को लेकर वृहद स्तर पर कार्यवाही चल रही है। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संपत्ति कर वसूलने के लिए शहर वासियों को लगातार जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में संपत्ति कर वसूली का ग्राफ बढ़ा है, किंतु फरवरी माह के सापेक्ष मार्च में कम वसूली को देखते हुए नगर आयुक्त ने कर विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। जोनल प्रभारी को विशेष रूप से अपने-अपने क्षेत्र में कड़ी मेहनत करने के लिए निर्देश दिए। गृह कर वसूली को बढ़ाने के लिए जोनल प्रभारी अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रचार करें। सीलिंग की कार्यवाही को बढ़ाएं, अधिक से अधिक कैंप लगाए तथा कोई भी कार्यवाही नियम अनुसार करते हुए गृह कर वसूली को बढ़ाने के निर्देश दिए।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव ने बताया कि कि नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार कर वसूली को बढ़ाया जा रहा है सीलिंग की कार्यवाही भी चल रही है। गृह कर जमा करने के लिए करदाताओं से लगातार अपील की जा रही है। 31 मार्च के बाद 12 प्रतिशत का ब्याज लगेगा। इससे बचने के लिए शीघ्र ही मार्च माह के भीतर अपना गृह कर जमा करने के लिए कहा जा रहा है । नगर निगम द्वारा लगभग 260 करोड़ 85 लाख की वसूली 18 मार्च तक की जा चुकी है । कर वसूली बढ़ाने के लिए नगर आयुक्त द्वारा कड़े निर्देश जारी किए हैं। जिसके क्रम में संबंधित टीम के साथ बैठक भी की गई तथा अधिक से अधिक कर वसूली के लिए योजना बनाई गई, वसुंधरा जोन को शेष बचे दिनों में लगभग 17 करोड़, मोहन नगर जोन को लगभग 4 करोड़, कवि नगर जोन को लगभग 5 करोड़ सिटी जोन को लगभग 9 करोड़ विजयनगर ज़ोन को लगभग 3 करोड़ की वसूली करनी है1।

## 31 मार्च तक बिना ब्याज जमा करवाएं संपत्ति कर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

फरीदाबाद नगर निगम के क्षेत्र में सभी संपत्ति कर धारकों का संपत्ति विवरण सर्वे उपरान्त शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा पर अपलोड किया है ,जिस पर सरकार द्वारा दी जा रही विशेष छूट जो बकाया संपत्ति कर की राशि एक मुश्त जमा कराने तथा अपनी संपत्ति के स्वयं सत्यापन करने पर मूल राशि पर 15 फीसदी की छूट दिए जाने बारे योजना बनाई है।

नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त स्वप्निल आर. पाटील ने सभी संपत्ति धारकों से अपील की है कि संपत्ति कर धारक वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक के लिए संपत्ति कर के बकायों की मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट के लाभार्थी बनेंगे। 31 मार्च तक वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक के संपत्ति कर के बकायों की अदायगी करते हैं और बेबाकी प्रमाणपत्र प्रबंधन पद्वति पोर्टल पर अपनी संपत्ति की सूचना स्व.प्रमाणित भी करते हैं तो सौ फीसदी ब्याज की छूट दी जाएगी।

### बैट-बॉल खेलने के विवाद में

## युवक की हत्या करने वाले 7 दोषियों को उम्रकैद की सजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद**



बैट बॉल के खेल में हुए विवाद के बाद को युवक की हत्या करने वाले सात दोषियों को अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 16-16 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन पक्ष की अधिवक्ता सोमपाल सिंह ने बताया कि थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के आलमनगर में रहने वाला किशन पाल अपने दोस्तों के साथ दिसंबर 2007 में बैट बॉल खेल रहा था। इसी दौरान धनपत व अन्य लोगों के साथ उसका झगड़ा हो गया था। इसमें पुलिस ने शांति भंग करने की धाराओं में दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके बाद 28 दिसंबर 2007 को किशनपाल की गांव के कुछ लोगों ने छुरी, चाकू और लाठी डंडों से मारकर हत्या कर दी।

इस मामले की रिपोर्ट परिवार ने पुलिस में दर्ज कराते हुए धनपत, शेरा, कालू संतोष, हर प्यारी ,सुंदर और सतीश समेत अन्य को नामजद कराया था। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### मरीजों से मिलकर जानकारी भी ली

## नशा मुक्ति केंद्र का एडीसी आनंद शर्मा ने किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

फरीदाबाद के बीके सिविल अस्पताल में चल रहे नशा मुक्ति केंद्र का आज शुक्रवार दोपहर को एडीसी आनंद शर्मा ने निरीक्षण किया।

एडीसी ने सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता से नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल मरीजों के बारे में जानकारी ली। नशा-मुक्ति केन्द्र की स्थापना, बिस्तरों की संख्या, स्टाफ की तैनाती, नशा छुड़ाने से संबंधित दवाइयों की भी जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को डेली बेसिस पर दी जाने वाली दवाओं के रिकॉर्ड की भी जांच की।



**नशा छोड़ना अच्छे जीवन की निशानी**

एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि नशा छोड़ना अच्छे जीवन की निशानी है। नशा मुक्ति के अभियान के लिए युवा आगे आएं। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी नशे से दूर रहें। इसके लिए योजना बनानी चाहिए।

### सीमा त्रिखा के मंत्री बनने से फरीदाबाद में होगा विकास

## केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार 10 साल बेमिसाल साबित हुआ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**



भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी रंजीत रावल ने बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मिलने को फरीदाबाद के लिए शुभ संकेत माना है। उन्होंने कहा कि सीमा के मंत्री बनने से फरीदाबाद के विकास को और अधिक गति मिलेगी क्योंकि सीमा त्रिखा एक उच्च शिक्षित व्यक्तित्व की धनी है तथा उन्हें समाज के हर वर्ग का अच्छी प्रकार से ज्ञान है। उन्होंने नवनियुक्त मंत्री के निवास पर पहुंचकर मुंह मीठा कराया।

सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम मनोहरलाल सहित केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की बधाई दी है। भाजपा नेता रंजीत रॉवल ने कहा कि भाजपा शासनकाल के दस साल बेमिसाल साबित हुए हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सहयोग से फरीदाबाद जिले में विकास कार्यों को नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं तथा जिले का अभूतपूर्व विकास हुआ है। हाईवे व सडकों का जाल बिछाकर दिल्ली और नोएडा को बेहतर कनेक्टिविटी दी गई है जिससे कि यहां उद्योग व व्यापार और अधिक बढ़ सके। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय नीति के आधार पर चलते हुए सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर कार्य कर रही है। जिससे कि हर वर्ग को लाभ मिल सके।

### 5 देशी पिस्टल, 40 जिंदा रोंद बरामद

## अवैध हथियार की सप्लाई करने वाले 4 को पुलिस ने किया काबू



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

अपराध शाखा डीएलएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा टीम ने अवैध हथियार के मुकदमें में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सहायक पुलिस आयुक्त अपराध अमन यादव ने बताया कि राहुल, कपिल, मोहम्मद हैदर और हैदर अली का नाम शामिल है। आरोपी राहुल गांव मेवला महाराजपुर, कपिल ग्रीन फिल्ड कॉलोनी तथा हैदर सेहतपुर पल्ला का और आरोपी हैदर अली बदरपुर दिल्ली का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम 19 को गस्त पर थी। इस दौरान आरोपियो के संबंध में सूचना मिली । जिस पर कार्रवाई करते हुए ग्रीन फिल्ड कॉलोनी में 2 को सेंट्रो गाड़ी सहित काबू किया। आरोपियों की तलाशी लेने पर 3 देसी पिस्टल 32 बोर, 1 देशी पिस्तौल 315 बोर व कुल 30 रोंद बरामद हुए है। आरोपियो के खिलाफ थाना सुरजकुंड में अवैध हथियार की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### धार्मिक टूर पर आए लंदन के पूर्व मेयर उमेश शर्मा, जाएंगे अयोध्या

# अवैध रूप से इंग्लैंड पहुंचने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

लंदन के पूर्व मेयर एवं ब्रिटेन में हिंदू काउंसिल के चेयरमैन उमेश चंदर शर्मा इन दिनों भारत में तीर्थ स्थानों के टूर पर हैं। इस दौरान उन्होंने फरीदाबाद के सेक्टर-14 में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि सबसे पहले वह पंजाब के होशियारपुर के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर गए। वहां एक करोड़ आहुतियों वाले होमात्मक कोटि श्री सूर्यनारायण महायज्ञ में भाग लिया।

उमेश चंदर शर्मा ने बताया कि 23 से 25 मार्च तक वह मंदिरों की नगरी भुवनेश्वर व पुरी के जगन्नाथ मंदिर दर्शानार्थ जाएंगे। शर्मा ने बताया कि उन्होंने लंदन में राम मंदिर में ही श्री जगन्नाथ की मूर्ति स्थापना भी की है। इसके पश्चात वह दो दिन के लिए अयोध्या जाकर श्री राम मंदिर में माथा टेकेंगे।

लंदन में राम मंदिर में ही श्री जगन्नाथ की मूर्ति स्थापना की



**» 11 व 18 अगस्त को गीता उत्सव आयोजित**

शर्मा ने बताया कि हिन्दू कॉउंसिल व राम मंदिर की ओर से हर साल वहां गीता उत्सव आयोजित किया जाता है, जिसमे यहां से कई बड़े संत महात्माओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोग लंदन जाते हैं। इस वर्ष भी वहां 11 व 18 अगस्त को गीता उत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक व दो अप्रैल को अमरीका से आ रहे स्वामी श्री नीलानंद जी गिरी यज्ञ करेंगे, जिसमें वह भी शामिल होंगे। शर्मा लंदन में हिन्दू मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी भी हैं। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन सरकार के सहयोग से उनकी संस्था ने हीथ्रो एयरपोर्ट के पांच टर्मिनलों पर 14 प्रार्थना केंद्र स्थापित किये हैं। जहां विभिन्न धार्मिक पुस्तकें रखी गयी हैं। वहां किसी भी धर्म के लोग बैठ कर पूजा कर सकते हैं।

**फर्जी कंपनियां भारतीय युवाओं के साथ नौकरी के नाम पर कर रही हैं ठगी**

लंदन के पूर्व मेयर उमेश चन्दर शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में लंदन में अवैध रूप से जा रहे भारतीयों की संख्या में वृद्धि हो रही है। कुछ फर्जी कंपनियां इंग्लैंड में नौकरी दिलवाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपए की रकम हड़प के उन्हें किसी तरह लंदन भेज देते हैं, लेकिन वहां जाकर लोगों को पता चलता है कि उनके साथ धोखा हुआ है। उन्हें वहां ना तो कोई नौकरी मिलती है ना ही कोई काम बल्कि वह लुटपिट भी चुके होते हैं। ऐसे लुटे पिटे लोग राम मंदिर में आ कर सहारा लेते हैं और उनसे मदद की गुहार लगाते हैं। वह भारतीयों को मदद स्वरूप उन्हें देश वापसी की टिकट दिलवा व तीन हजार पॉउंड देकर भारत भेजने की व्यवस्था करवाते हैं। पिछले कुछ सालों में ऐसे केसों में लगातार बढ़ोतरी हुई है, जोकि चिंताजनक है। इस मामले में लोगों को जागरूक होना चाहिये और सरकार को भी ऐसी फर्जी एजेंसियों पर सख्ती बरतनी चाहिये। ऐसा ही छात्रों को पढ़ाई के एडमिशन के नाम पर भी बेवकूफ बना कर ठगा जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह जहां लंदन में हिन्दू धर्म के प्रचार प्रसार में लगे हैं वहीं वहां के राम मंदिर में रोजाना भंडारा किया जाता है, जहां लगभग 300-400 लोग भोजन करते हैं। जिनमें ज्यादातर भारतीय छात्र होते हैं।

# अयोध्या के राज्य वृक्ष कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे भगवान श्रीरामलला

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के बाद भगवान श्रीरामलला इस बार कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे। विरासत को सम्मान देने के भाव के साथ वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद- राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनबीआरआई) के वैज्ञानिकों ने कचनार के फूलों से बने गुलाल को खास तौर पर तैयार किया है। एक किंवदंती के अनुसार कचनार को त्रेता युग में अयोध्या का राज्य वृक्ष माना जाता था। यही नहीं, वैज्ञानिकों ने गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर के चढ़ाए हुए फूलों से भी हर्बल गुलाल तैयार किया है।

### सीएम को भेंट किए गुलाल

विरासत को सम्मान देने के भाव के साथ वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनबीआरआई) के वैज्ञानिकों ने कचनार के फूलों से बने गुलाल को खास तौर पर तैयार किया है। एनबीआरआई के निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने दोनों खास गुलाल सीएम योगी आदित्यनाथ को भेंट किए। सीएम योगी ने इस विशेष पहल के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह निश्चित रूप से यूपी के साथ-साथ देश के कई स्टार्ट-अप और उद्यमियों के लिए अधिक अवसर एवं रोजगार प्रदान करेगा।

### खास होगी इस बार की होली



### कई कंपनियों को तकनीक हस्तांतरित

निदेशक ने बताया कि गुलाल की बाजार में बेहतर उपलब्धता के लिए हर्बल गुलाल तकनीक को कई कंपनियों और स्टार्ट-अप को हस्तांतरित किया गया है। उन्होंने कहा कि रासायनिक गुलाल वास्तव में जहरीले होते हैं, इनमें खतरनाक रसायन होते हैं जो त्वचा और आंख से संबंधित समस्याएं पैदा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हर्बल गुलाल की पहचान करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि यह अन्य गुलाल की तरह हाथों में जल्दी रंग नहीं छोड़ेगा। संस्थान द्वारा विकसित हर्बल गुलाल होली के अवसर पर बाजार में बिक रहे हानिकारक रासायनिक रंगों का एक सुरक्षित विकल्प है।

### रामायणकालीन वृक्षों का संरक्षण किया जा रहा

डॉ. अजित ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा अयोध्या में रामायणकालीन वृक्षों का संरक्षण किया जा रहा है। विरासत को सम्मान और परंपरा के संरक्षण देने के यह प्रयास हमारे वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणास्पद है। इसी के तहत, संस्थान द्वारा श्री राम जन्मभूमि के लिए बौहिनिया प्रजाति जिसे आमतौर पर कचनार के नाम से जाना जाता है, के फूलों से हर्बल गुलाल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि कचनार को त्रेता युग में अयोध्या का राज्य वृक्ष माना जाता था और यह हमारे आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की सुस्थापित औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें विभिन्न प्रकार के संक्रमण रोधी गुण होते हैं।

### गोरखनाथ मंदिर में भी चढ़ेगा हर्बल गुलाल

डॉ. अजित ने बताया कि इसी तरह गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में चढ़ाए हुए फूलों से हर्बल गुलाल को तैयार किया गया है। इन हर्बल गुलाल का परीक्षण किया जा चुका है और यह मानव त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है। निदेशक ने बताया कि कचनार के फूलों के हर्बल गुलाल को लैवेंडर की सुंगध में बनाया गया है, जबकि गोरखनाथ मंदिर के चढ़ाए हुए फूलों से बने हर्बल गुलाल को चंदन की सुंगध में विकसित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### 4 अप्रैल तक जेल में रहेंगे पूर्व सीएम सोरेन

**रांची।** कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 4 अप्रैल तक बढ़ गई है। न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन गुरुवार को रांची की विशेष पीएमएलए अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। इससे पहले, 15 फरवरी को पीएमएलए कोर्ट ने सोरेन को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। उनकी न्यायिक हिरासत 21 मार्च तक बढ़ा दी थी।

### फरार पूर्व मंत्री त्रिपाठी की अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** फरार पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की होली बेरंग हो गई है। हाईकोर्ट ने कुर्की के खिलाफ दाखिल अर्जी खारिज कर दी है। एमपी एमएलए कोर्ट ने समर्पण करने का आदेश दिया था। जिसके खिलाफ पूर्व मंत्री ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। बता दें कि व्यापारी के बेटे के अपहरण मामले में बस्ती की एमपी एमएलए कोर्ट ने पूर्व मंत्री के खिलाफ कुर्की का आदेश दिया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 20 मार्च को फैसला सुरक्षित कर लिया था।

### इंडिया गठबंधन ने नहीं किया 'हमारे साथ न्याय'

**लखनऊ।** यूपी में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन के घटक अपना दल (कमेरावादी) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी को गठबंधन के तहत एक भी सीट नहीं दिए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए पार्टी नेता एवं विधायक पल्लवी पटेल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में शुक्रवार को कहा कि बिहार में जो नीतीश कुमार के साथ हुआ, वही यूपी में उसके साथ किया जा रहा है। इंडि गठबंधन ने हमारे साथ न्याय नहीं किया है।

# कवियों ने ऐसे व्यंग्य कसे कि ठहाकों से गूंज उठा सुश्रुत ऑडिटोरियम

## राष्ट्रीय दैनिक हरिभूमि के सौजन्य से सजी पीजीआईएमएस में कवियों की महफिल

**13 वां कवि सम्मेलन**

श्रोताओं से खचाखच भरे ऑडिटोरियम में ओज, गीत और हास्य व्यंग्य के कवियों ने खूब गुदगुदाया




**रोहतक।** मंच पर प्रस्तुति देते हास्य व्यंग्य के कवि सुदीप भोला और मंच पर मौजूद विनीत चौहान, दिनेश रघुवंशी, प्रियांशु गजेंद्र, दीपक सैनी और गौरी मिश्रा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सहज-सहज बहती फागुणी मस्त हवाओं के बीच शुक्रवार की शाम पीजीआईएमएस के सुश्रुत ऑडिटोरियम में कवियों की महफिल राष्ट्रीय हिंदी दैनिक हरिभूमि के सौजन्य से सजी। करीब चार घंटे तक रचनाकारों ने ओज, गीत और हास्य व्यंग से दर्शकों की वाहवाही बटोरी। कवियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देन में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनट मंत्री डॉ. बनवारी लाल शामिल हुए। प्रोग्राम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं एलपीएस बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश जैन मौजूद रहे। कार्यक्रम में कवियों और शहर में सामाजिक कार्यों करने वाले लोगों को परंपराओं के मुताबिक विशिष्ट लोगों से सम्मानित करवाया गया। सम्मानित होने वालों में पीजीआईएमएस की टीम, कलानौर में दिव्यांग सेवा संस्थान के संचालक मनदीप और उनकी टीम, गांव बैसी की करूणा, कबड्डी कोच जगबीर और खुशियां बांटते चलो संस्थान की प्रियंका जैन शामिल रहीं।

### इन कवियों ने गुदगुदाया

कवि विनीत चौहान, सुदीप भोला, दिनेश रघुवंशी, प्रियांशु गजेंद्र, गौरी मिश्रा और दीपक सैनी से अपनी बेहतरीन रचनाओं से लोगों को कभी गुदगुदाया तो कभी उनके देशभक्ति का जोश भरा। कार्यक्रम के प्रारंभ से पहले मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। चौधरी मित्रसेन सिंधु के चित्र पर मुख्य अतिथि समेत दूसरे आगंतुकों ने माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धा से याद किया। महफिल का संचालन दिनेश रघुवंशी द्वारा करवाया गया। रघुवंशी रोहतक के ही रहने वाले हैं।

### प्रियांशु गजेंद्र ने की शुरूआत

कार्यक्रम की शुरुआत प्रियांशु गजेंद्र ने की। इन्होंने थका हारा तेरा दर चाहता हूं कि प्रस्तुति देकर तालियां बटोरीं। इसके बाद तो कविताओं का अटूट सिलसिला लगातार जारी रहा। होली के मौके पर आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में कई घंटे तक तरह-तरह की रचनाओं के गुलाल अबीर बरसते रहे।

### हर्बल होली मनाएं : जैन

इस अवसर पर एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने दर्शकों से आह्वान किया कि हर्बल होली मनाएं। जैन ने लोगों से यह भी अपील कि वे लोकसभा चुनाव में अपना वोट जरूर डालें, क्योंकि इससे लोकतंत्र की नींव मजबूत होती है।

### ये रहे मौजूद

श्याम इंडस पॉवर सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक मेजर सत्यपाल सिंधु, उनकी पत्नी अनिका सिंधु, इंडस ग्रुप ऑफ स्कूल की निदेशक डॉ. एकता सिंधु, नगर निगम के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक प्रो. सुभाष चंद्र गुप्ता समेत शहर के गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### चौधरी मित्रसेन सिंधु मेरे आदर्श : जांगड़ा

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने चौधरी मित्रसेन सिंधु को अपना आदर्श बताया और कहा कि चौधरी मित्रसेन सिंधु द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों को लोग सदैव-सदैव याद रखेंगे। सांसद ने कहा कि हरिभूमि हमेशा सामाजिक सरोकारों से जुड़ा रहा है। हर साल समाज हित के लिए संस्थान द्वारा कई कार्य विभिन्न मौके पर करवाए जाते हैं। आज का कवि सम्मेलन भी सामाजिक सरोकारों का ही एक हिस्सा है। चौधरी मित्रसेन सिंधु ने हरिभूमि के रूप में जो पौधा करीब तीन दशक पहले लगाया था, आज वह वट वृक्ष का रूप धारण कर चुका है।

### ये रहे सहयोगी

- एलपीएस बोसार्ड प्राईवेट लिमिटेड, रोहतक
- पठानिया पब्लिक स्कूल, रोहतक
- इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक
- जनता टीवी (टेलिविजन पार्टनर)
- कोटा क्लासिज, रोहतक
- लोहचब मोटर कंपनी प्रा.लि रोहतक
- लोहचब ऑटोकार प्रा.लि., रोहतक
- रंश मोटर्स एवं निखार कैमिकल्स प्रा.लि. , रोहतक
- पोजीट्रान अस्पताल, रोहतक
- एच. डी. पब्लिक स्कूल
- वेद मॉडल इंटरनेशनल स्कूल, कलानौर
- प्रेमसंस ज्वैलर्स, रोहतक
- पॉल एंड कंपनी, रोहतक
- दॉ आर्यन ग्लोबल स्कूल, रोहतक
- स्वामी नितानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स
- एमडीएन पब्लिक स्कूल, रोहतक
- जे.पी. इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक
- कायनोस अस्पताल, रोहतक
- जेड ग्लोबल स्कूल, रोहतक
- पंजाब नेशनल बैंक, रोहतक
- एलआईसी (भारतीय जीवन बीमा निगम), रोहतक

**योगी सरकार का फैसला**

# 17 लाख किसानों को निशुल्क मिलेगा डीकंपोजर, खेत में मिलेगी जैविक खाद को होगा फायदा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



वायु प्रदूषण का अहम कारक बने धान की फसल अवशेष (पराली) के निस्तारण के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने धान की पराली को बायोकंपोस्ट में बदलने के लिए किसानों को फ्री में बायो डीकंपोजर उपलब्ध कराने का फैसला किया है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के करीब 17 लाख किसानों को बड़ा लाभ होगा। धान के खेत में इस डीकंपोजर के छिड़काव से पराली खेत में ही जैविक खाद के रूप में परिवर्तित हो जाएगी। इससे किसानों को पराली नहीं जलानी पड़ेगी। किसानों को पराली जलाने में होने वाले खर्च की बचत के साथ-साथ दोहरा लाभ यह मिलेगा कि उनके खेत को प्राकृतिक रूप से जैविक खाद मिल जाएगी।

### पराली प्रबंधन को लेकर सरकार गंभीर

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि सरकार पराली के प्रबंधन को लेकर बेहद गंभीर है और इसीलिये कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट को प्रोत्साहित करने के साथ ही सरकार ने तय किया है कि वह धान की पराली को बायोकंपोस्ट में बदलने के लिए किसानों को बायो डीकंपोजर उपलब्ध कराएगी। इस बीच जागरूकता और अन्य अभियान भी जारी रहेंगे। जैविक खाद से कृषि की पैदावार बढ़ाने में मदद मिलेगी इस तरह के प्लांट का सीधा मतलब यह हुआ कि ऊर्जा क्षेत्र में भी अन्नदाता किसानों की बड़ी भूमिका होगी और, इस ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र से जुड़कर वह अतिरिक्त आय भी अर्जित करेंगे। उधर पराली जब जलाई नहीं जाएगी तो पर्यावरण संरक्षण आप ही होने लगेगा।

### सीबीजी प्लांट में भी पराली से ईंधन तैयार

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति 2022 का जो ड्राफ्ट तैयार किया है, उसमें कृषि अपशिष्ट आधारित बायो सीएनजी, सीबीजी इकाइयों को कई तरह के प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। सरकार की मंशा हर जिले में सीबीजी प्लांट लगाने की है। इसी कड़ी में 8 मार्च को गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट का शुभारंभ हो चुका है। इसके उद्घाटन अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ उपस्थित रहे केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आने वाले समय में यूपी में सीबीजी प्लांट की वर्तमान संख्या दस को सौ के आंकड़े तक ले जाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।

### किसानों की आमदनी बढ़ाने में बड़ा प्रयास

165 करोड़ रुपए के निवेश वाला गोरखपुर का यह सीबीजी प्लांट पर्यावरण की रक्षा, किसानों की आमदनी बढ़ाने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा प्रयास है। इस प्लांट में रोजाना 200 मीट्रिक टन पराली यानी कृषि अवशेष (धान का भूसा) 20 मीट्रिक टन प्रेसमड और 10 मीट्रिक टन मवेशियों के गोबर का उपयोग होगा। बायोगैस प्लांट में प्रतिदिन लगभग 20 मीट्रिक टन बायोगैस और 125 मीट्रिक टन जैविक खाद का उत्पादन होगा।

**डीकंपोजर से सूक्ष्म पोषक तत्व मिलेंगे:** उप्र पशुधन विकास परिषद के पूर्व जोनल प्रबंधक डॉ. बीके सिंह के मुताबिक प्रति एकड़ डंठल से करीब 18 क्विंटल भूसा बनता है। सीजन में भूसे का प्रति क्विंटल दाम करीब 400 रुपए माना जाए तो डंठल के रूप में 7200 रुपए का भूसा नष्ट हो जाता है। बाद में यही चारा संकट का कारण बनता है।

## पेज एक का शेष

### ईडी का दावा : केजरीवाल ...

लिए कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचाया। अपराध की कमाई का इस्तेमाल आम आदमी पार्टी के गोवा चुनाव में किया गया। विजय नायर (शराब नीति मामले में गिरफ्तार एक और आरोपी) केजरीवाल के साथ मिलकर काम कर रहा था। विजय केजरीवाल के घर के पास रहता था। विजय नायर ने बिचौलिए की भूमिका निभाई। केजरीवाल ने दक्षिण के समूह से रिश्वत की मांग की। हमारे पास इसे साबित करने के लिए पर्याप्त बयान हैं। केजरीवाल ने कविता से मुलाकात की और उनसे कहा कि उन्हें दिल्ली एक्साइज पॉलिसी पर मिलकर काम करना चाहिए। दो मौकों पर पैसों का लेन-देन हुआ। विक्रेताओं के माध्यम से रिश्वत के रूप में नकद पैसा दिया गया। इनवॉइस सिर्फ आंशिक राशि के लिए बनाई गई क्योंकि बाकी राशि रिश्वत के रूप में नकद दी गई थी। चैट के मुताबिक, हवाला के जरिए गोवा में 45 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। कई लोगों को भारी नकद राशि सौंपी गई।

### मुझे कोई दुख नहीं, ...

है। शराब पॉलिसी लाना गलत था। शराब पॉलिसी जब बनाई गई थी तब मैंने केजरीवाल को पत्र लिखा था।

### दक्षिण लॉबी को...

ने दिल्ली हाईकोर्ट में जनहित याचिका (पीआइएल) दायर की है।

**इसलिए, शीर्ष कोर्ट से वापस ली अर्जीः** - केजरीवाल की लीगल टीम का कहना है कि वह पहले निचली अदालत में अपनी बात कहेंगे और उसके बाद जरूरत पड़ी तो हाई कोर्ट में और उसके बाद भी अगर कोई राहत नहीं मिलती है, तब वह सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। अरविंद केजरीवाल की लीगल टीम का मानना है कि अगर उनकी अर्जी सुप्रीम कोर्ट से रिजेक्ट हो जाती, तो उन्हें जमानत मिलने में दिक्कत आ जाती। ऐसे में उन्होंने अपनी अर्जी वापस ले ली है।

**गिरफ्तारी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंचा विपक्षी गठबंधनः** इधर, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ इंडि गठबंधन निर्वाचन आयोग पहुंचा। विपक्षी गठबंधन चुनाव आयोग में ज्ञापन देकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आयोग में कहा कि, प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। केवल कुछ ही हफ्तों के अंतराल में, केंद्र सरकार ने राज्यों के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित दो मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार कर लिया है, जो सत्तारूढ़ शासन और पार्टी के मुखर विरोधी हैं। कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि, 'ये गैरकानूनी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष एकजुट होकर चुनाव आयोग पहुंचा है, ये गंभीर मुद्दा है। ये व्यक्ति या पार्टी विशेष का नहीं, बल्कि ये मसला भारत के संवैधानिक के ढांचे से जुड़ा है।

### कोई भी सबूत नहीं ...

करने वाला कोई व्यक्ति मेरे खिलाफ बयान देता है तो क्या वह अदालत उसे सबूत मान सकती है? किसी भी गलत काम को दिखाने के लिए कोई सामग्री नहीं मिली, कोई आपत्तिजनक सामग्री भी नहीं मिली। सिंघवी ने पवन बंसल जजमेंट को पढ़ते हुए कहा कि गिरफ्तारी के वक्त सेफगार्ड नहीं अपनाए गए। जब सुप्रीम कोर्ट की बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता तो सुप्रीम कोर्ट को दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। शरथ रेड्डी ने 9 नवंबर 2021 पहले बयान में कहा कि उसने किसी को पैसे नहीं दिए और अगले दिन जांच में सहयोग नहीं करने के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया। रेड्डी ने केजरीवाल का नाम नहीं लिया। इसके कुछ महीने बाद उसने ईडी के पक्ष में बयान दिया और फिर रेड्डी को जमानत मिल गई और ईडी ने जमानत का विरोध नहीं किया। 16 सितंबर 2022 को राघव मगुंटा ने कहा कि वह अभिषेक बोइनपल्ली, बच्ची बाबू को नहीं जानता, लेकिन 26 जुलाई को दिए बयान में उसके कहा कि उसने बुच्ची बाबू को रिश्वत दी और एक महीने के अंदर राघव को जमानत मिल गई और ईडी ने इसका विरोध नहीं किया। इन बयानों के आधार पर ईडी केजरीवाल को कस्टडी लेना चाहती है।

### बोले- यह 140 करोड़...

चार प्रतिष्ठित हस्तियों को प्रदान किया गया है। इससे पहले 2008 में महामहिम रॉयल क्वीन दादी आशी केसांग चोडेन वांगचुक, परम पावन जे थ्रिजुर तेनजिन डेंडुप (भूटान के 68वें जे खेंपो) और 2018 में परम पावन जे खेंपो त्रुलकु न्गावांग जिग्मे चोएद्रा को यह सम्मान दिया जा चुका है। इस सम्मान को पाने के बाद इसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर कर पीएम मोदी ने लिखा कि 'भूटान द्वारा 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' पुरस्कार से सम्मानित होने पर गर्व महसूस कर रहा हूं।
मैं इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित करता हूं।' गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान की अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा शुरू करते हुए शुक्रवार को यहां भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की। भूटान नरेश से मुलाकात से पहले मोदी का भव्य स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित रूप से होने वाली उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की 'पड़ोस प्रथम' की नीति पर जोर देने की कवायद के अनुरूप है।

**भूटान में मोदी-मोदी, 45 किलोमीटर तक उमड़ा जनसैलाबः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में जैसे पूरा भूटान ही सड़कों पर उतर आया। एयरपोर्ट से लेकर देश की राजधानी थिंपू तक 45 किलोमीटर नरेंद्र मोदी के स्वागत में भूटान की जनता कतार लगाकर खड़ी नजर आई। इस दौरान मोदी-मोदी के नारे भी जमकर लगे।

### भारत के भविष्य ..

था। जिसके बाद यान ने खुद ही सफल लैंडिंग की। पुष्पक पूरी तरह से स्वदेशी है। कुछ साल में हमारे एस्ट्रोनॉट्स इसके बड़े वर्जन में कार्गो डालकर अंतरिक्ष तक पहुंचा सकते हैं। या फिर इससे सैटेलाइट लॉन्च कर सकते हैं।

**यह है खासियतः** यह सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़कर वापस आएगा ताकि फिर से उड़ान भर सके। इतना ही नहीं इसके जरिए किसी भी देश के ऊपर जासूसी करवा सकते हैं या हमला। अंतरिक्ष में ही दुश्मन की सैटेलाइट को बर्बाद कर सकते हैं। ऐसी ही टेक्नोलॉजी का फायदा अमेरिका, रूस और चीन भी उठाना चाहते हैं। इसका इस्तेमाल अंतरिक्ष में कचरा साफ करने और सैटेलाइट्स की मरम्मत के लिए भी किया जा सकता है।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट सेन्टर, मुंबई
ई-मेल: crpd@sbi.co.in
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

जाहिरात क्र.: CRPD/SCO/2023-24/34


| पद का नाम | रिक्त | समतुल्य श्रेणी |
|---|---|---|
| प्रमुख (कॉर्पोरेट संचार एवं विपणन) | 01 | टीईजीएस-VII |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. ईसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US"→"Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 20.03.2024 से 09.04.2024 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 20.03.2024
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)





# रणवीर सिंह की फिल्म पर आया बड़ा अपडेट

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और अभिनेता फरहान अख्तर ने जब से यह ऐलान किया है कि बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डॉन 3' में मुख्य अभिनेता का किरदार रणवीर सिंह निभाएंगे, तब से फैंस फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। डॉन फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग में रणवीर सिंह बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की जगह लेंगे और डॉन की भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का शूटिंग शेड्यूल ट्रैक पर है और यह अगले साल यानी 2025 में फ्लोर पर जाएगी। प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो गया है।

## लाइफ Style

# सई मांजरेकर

## सलमान के साथ सुरक्षित महसूस करती हूं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सई मांजरेकर अभिनेता-निर्देशक महेश मांजरेकर की लाडली बेटी हैं। सई ने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान की फिल्म 'दबंग 3' से की थी। हाल ही में अभिनेत्री फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' में नजर आईं। दर्शकों को इस फिल्म में सई की एक्टिंग काफी पसंद आई है।

पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान सई अपनी आने वाली फिल्मों के अलावा सलमान खान के साथ अपने रिश्ते पर भी खुलकर बातें करती नजर आईं। सई मांजरेकर अपनी मेहनत के दम पर धीरे-धीरे बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने में कामयाब हो रही हैं। हाल ही में गुरु रंधावा के साथ उनकी फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' रिलीज हुई थी। सई अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहती हैं, 'किसी भी नए कलाकार के लिए सलमान खान के साथ काम करना किसी सपने के सच होने जैसा है।'

सई अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, 'मैंने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान के साथ की थी। उस फिल्म की शूटिंग के दौरान जिस तरह से उन्होंने मेरा ख्याल रखा, वह मेरे लिए बेहद खास था। मैं उनके साथ एक अलग सा बांड महसूस करती हूं।' सई मांजरेकर अपनी कोई भी फिल्म साइन करने से पहले सलमान खान से सलाह जरूर लेती हैं। वे कहती हैं, 'मुझे लगता है कि वे मुझे कभी गलत सलाह नहीं देंगे। उनके साथ मैं सुरक्षित महसूस करती हूं।' सई मांजरेकर आने वाले दिनों में अजय देवगन के साथ फिल्म 'औरों में कहां दम था' में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा सई मांजरेकर साउथ की फिल्मों में भी दिखाई देंगी।



## हॉलीवुड मसाला



# तीन बार करवाई ब्रेस्ट सर्जरी

**लॉस एंजिलिस।** अक्सर देखा जाता है कि फिल्मों में खूबसूरत दिखने के लिए सेलेब्स प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लेते हैं। आज के समय में अपने शरीर के किसी भी अंग की प्लास्टिक सर्जरी कराना बहुत आसान हो गया है। इसमें सबसे ज्यादा देश और विदेशी एक्ट्रेसेज शामिल हैं। आए दिन किसी न किसी एक्ट्रेस की सर्जरी की खबर सामने आती है। इन दिनों हॉलीवुड एक्ट्रेस मेगन फॉक्स अपनी सर्जरी को लेकर चर्चा में है। मेगन फॉक्स ने अपनी कुछ प्लास्टिक सर्जरी की पुष्टि की है बाकी का खंडन भी किया है।




# रिबेल मून 2 का एक्शन से भरपूर ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलिस।** जैक स्नायडर की स्पेस एंडवेंचर फिल्म रिबेल मून का दूसरा भाग अगले महीने रिलीज हो रही है। फिलहाल इसका ट्रेलर जारी किया गया है, जिसमें एक्शन और रोमांच की तगड़ी डोज देखने को मिल रही है। रिबेल मून का पहला भाग पिछले साल 22 दिसम्बर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। सोफिया बुटेला रिबेल मून में लीड रोल निभाती हैं। रिबेल मून- पार्ट वनः अ चाइल्ड ऑफ फायर में सोफिया का किरदार कोरा का है, जो अंतरिक्ष के एक शांत ग्रह पर गांव के लोगों के बीच रहती है। अच्छी फाइटर कोरा बागी मिजाज की है। कोरा ब्रह्मांड में मदरवर्ल्ड के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंकती है और ब्रह्मांड के सबसे बड़े योद्धाओं को अपनी लड़ाई के लिए जमा करती है। पहले भाग में दिखाया गया था कि कोरा योद्धाओं को लेकर गांव पहुंचती है। दूसरे भाग द स्कारगिवर में कहानी आगे बढ़ेगी।



# जैकलीन ने सुकेश को दिया बर्थडे गिफ्ट!

**मुंबई।** जैकलीन फर्नांडीज तब से सुर्खियों में हैं जब उनका नाम सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शामिल हुआ है। अभिनेत्री का नाम ठग सुकेश से आज भी जोड़ा जाता है। सुकेश पिछले कुछ समय से जेल में है। जेल में रहने के बावजूद वह कई मौकों पर अभिनेत्री को प्रेम पत्र भेजता रहता है। अपने जन्मदिन से पहले, उसने एक बार फिर जैकलीन के नाम अपना पैगाम भेजा है। सुकेश चन्द्रशेखर ने पत्र की शुरुआत यह लिखकर की, "बेबी, 25 मार्च को मेरे जन्मदिन के गिफ्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, लेकिन मैं इसे अपना छोटा जन्मदिन का उपहार कहूंगा। बेबी, यह मेरे जीवन में अब तक मिला सबसे अच्छा उपहार है। मैं जिस उपहार की बात कर रहा हूं, वह आपका नया रिलीज हुआ गाना यम्मी यम्मी है।



# अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी की उड़ी अफवाह

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल होने लगीं जिनमें दावा किया गया कि एक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, इसके पीछे की हकीकत अलग है। अल्लू अर्जुन पूरे देश के दिलों की धड़कन हैं। अर्जुन इंडस्ट्री के सबसे बड़े एक्टर्स में से एक हैं और फिलहाल वो अपनी एक्शन सीक्वल फिल्म 'पुष्पाः द रूल' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर हमेशा सुर्खियों में रहते हैं और इस बार जब उन्हें आरटीओ ऑफिस में देखा गया तो उन्होंने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। जैसे ही एक्टर की फोटो ऑनलाइन वायरल हुई, इसने इंटरनेट पर तूफान मचा दिया और फैंस तरह-तरह की अटकलें लगाने लगे। फैंस ने अनुमान लगाया कि अल्लू अर्जुन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अल्लू को हैदराबाद में आरटीओ ऑफिस में देखा गया।

## टीवी मसाला



# सलमान खान के शो में एंट्री लेगी वायरल गर्ल जसमीन


**मुंबई।** टीवी पर 17 साल राज करने के बाद ओटीटी पर रियलिटी शो बिग बॉस ने अपनी मुकाम बना लिया है। दो सीजन की अपार सफलता के बाद जल्द ही सलमान खान का बिग बॉस ओटीटी 3 भी आने वाला है। इस बीच बिग बॉस ओटीटी 3 के कंटेस्टेंट की लिस्ट में जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ वायरल सोशल मीडिया ट्रेंड से रातों-रात स्टार बनने वालीं जसमीन कौर का नाम शामिल हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार ये बताया जा रहा है कि जसमीन कौर बिग बॉस ओटीटी सीजन में नजर आ सकती है। बीते साल जसमीन का सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह कुछ ड्रेसेस को जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ बताती नजर आईं। लेकिन जिस स्टाइल से उन्होंने इसे कहा वो देखते ही देखते इंटरनेट पर जमकर वायरल हो गया है। बी टाउन एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जैसे तमाम सेलेब्स ने भी जसमीन की स्टाइल को कॉपी करते हए इस ट्रेंड पर वीडियो बनाए, जिनकी खूब चर्चा हुई। बता दें कि जसमीन कौर दिल्ली की एक फेमस क्लोथिंग डिस्ट्रीब्यूटर हैं और इंस्टाग्राम हैंडल पर करीब 1.3 मिलियन फॉलोअर्स भी हैं।

# अंकिता का पैपराजी पर फूटा गुस्सा



**मुंबई।** बिग बॉस 17 के बाद अब अंकिता लोखंडे बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए दिखेंगी। हिंदी सिनेमा के दमदार अभिनेता रणदीप हुड्डा संग उनकी लेटेस्ट फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर आज से सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। बीते रात अंकिता की इस फिल्म का प्रीमियर रखा गया है, जिसमें सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 के कंटेस्टेंट्स अभिषेक कुमार, खानजादी और आयशा खान जैसे कई और सदस्य शामिल हुए। इस बीच पैपराजी की भारी भीड़ के चलते हुई दिक्कत की वजह से अंकिता लोखंडे गुस्से में आ गई और उन पर आग बबूला हो गईं। दरअसल गुरुवार को अंकिता लोखंडे की बहुचर्चित फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर की एक स्पेशल स्क्रीनिंग मुंबई में रखी गई। इस दौरान अंकिता के पति विक्की जैन, फैमिली के सदस्य और बिग बॉस 17 के तमाम मेंबर्स एक साथ नजर आए।


# कार्तिक की झोली में एक और मेगा बजट फिल्म



**मुंबई।** कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के टॉप एक्टर्स में से एक है। अपने करियर ने कार्तिक ने कई शानदार फिल्में दी और आने वाले दिनों में भी कार्तिक कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। कार्तिक ने एक्शन, कॉमेडी, रोमांस, थ्रिलर समेत लगभग हर शैली के फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन किया। इस बीच 'भूल भुलैया 2' की सफलता ने कार्तिक की झोली कई फिल्में डाल दी, जिसमें अब एक और फिल्म का नाम जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स मुताबिक कार्तिक एक बार फिर एक्शन करते नजर आने वाले है। चर्चा है कि कार्तिक साजिद नाडियाडवाला की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो साजिद नाडियाडवाला कार्तिक के साथ एक मेगा बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म की योजना बना रहे हैं, जिसे विशाल भारद्वाज निर्देशित करेंगे, फिलहाल फिल्म की कहानी पर काम हो रहा है। चर्चा ये भी है कि यह फिल्म विशाल भारद्वाज की महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है, जिसकी शूटिंग इसी साल शुरू होने वाली है। चर्चा है कि मेकर्स फिल्म को साल 2025 में रिलीज करने की योजना बना रहा है। फिल्म में एक्शन थ्रिलर के साथ-साथ दर्शकों को कॉमेडी और ड्रामा भी देखने को मिलेगा।

# जान्हवी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं राम चरण






**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपने तेलुगु डेब्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। वह जल्द ही जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' से अपना साउथ डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही वह फिल्म 'आरसी 16' से भी साउथ सिनेमा में अपने अभिनय का जलवा बिखरेंगी। इसमें वह राम चरण के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। जान्हवी के साथ काम करने को लेकर अभिनेता ने उत्साह व्यक्त किया है। राम चरण 'आरसी 16' में जान्हवी कपूर के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी हालिया मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा कीं। राम ने अभिनेत्री और उनके पिता, निर्माता बोनी कपूर के साथ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वह अपने घर पर उनकी मेजबानी करते दिखाई दिए। उन्होंने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'आरसी 16 का इंतजार कर रहा हूं।' 6 मार्च को जान्हवी कपूर के जन्मदिन पर फिल्म की आधिकारिक घोषणा हुई थी।

## शुक्रवार को देशभर में रिलीज हुई फिल्म पर आया दर्शकों का रूझान

# स्वातंत्र्य वीर... हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की हकीकत

रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायकों में शामिल विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित यह फिल्म उनकी सशस्त्र क्रांति की नीतियों का खुलासा करती है।




**मुंबई।** वीर सावरकर का किरदार फिल्म में रणदीप हुड्डा ने अदा किया है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका अदा करने के साथ-साथ रणदीप ने फिल्म का निर्देशन भी किया है। अब जब फिल्म रिलीज हो गई है तो सोशल मीडिया पर इसे कैसी प्रतिक्रिया मिल रही है। इस फिल्म के लिए रणदीप हुड्डा ने जीतोड़ मेहनत की है। उन्होंने ढेरों किताबें पढ़कर न सिर्फ गहन अध्ययन किया है, बल्कि वीर सावरकर के किरदार को पर्दे पर दिखाने के लिए गजब का ट्रांसफॉर्मेशन भी किया है। अभिनेता ने करीब 26 किलो वजन घटाया है। अब जब फिल्म पर्दे पर आ गई है तो दर्शकों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

### दो नेशलन अवार्ड

सोशल मीडिया पर नेटिजन्स अभिनेता और फिल्म दोनों की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ यूजर्स फिल्म को 'थ्रिलिंग मास्टरपीस' कह रहे हैं। कुछ फैंस ने तो अभिनेता को इस फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड दिए जाने की बात तक कह डाली है।

### अंकिता को भी तारीफ

रणदीप हुड्डा के साथ-साथ अंकिता लोखंडे के अभिनय की भी दर्शक दिल खोलकर तारीफ कर रहे हैं। अभिनेत्री ने 'स्वतांत्र्य वीर सावरकर' में यमुनाबाई सावरकर का किरदार निभाया है। फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखकर लौट रहे दर्शक फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### रणदी का जादू

रणदीप हुड्डा ने हमेशा की तरह इस फिल्म में भी अपने अभिनय का जादू चलाया है। दर्शक फिल्म की तारीफ तो कर ही रहे हैं, साथ ही दूसरों को भी इसे जरूरत देखने की सलाह दे रहे हैं। खासकर युवाओं को यह फिल्म देखने का सुझाव अधिकांश दर्शक देते नजर आए हैं।

### भाजपा में वीरेंद्र के बाहरी होने से असंतोष के स्वर, कांग्रेस को उठाना पड़ सकता है पलायन से नुकसान

# टीकमगढ़ः भाजपा को मोदी लहर पर भरोसा कांग्रेस के पास अहिरवार मतदाताओं का दम

■ 2019 में लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार वीरेंद्र ने कांग्रेस प्रत्याशी किरण को बड़े अंतर से हराया था




### भाजपा मोदी लहर, कांग्रेस अपनी गारंटियों के भरोसे

देश के अंदर भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में चल रही लहर पर सवार है। अयोध्या में राम मंदिर, कश्मीर से धारा 370 को हटाना, नागरिकता का नया कानून और हिंदू-मुस्लिम राजनीति परवान चढ़ने के कारण भाजपा के पक्ष में माहौल बना है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार नई परियोजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस की अपनी गारंटियां हैं। राहुल गांधी हर वर्ग को न्याय दिलाने की बात कर रहे हैं। जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और जातिगत जनगणना भी कांग्रेस के प्रमुख मुद्दों में शामिल हैं।

### अहिरवार समाज से नहीं बैठती अन्य समाजों की पटरी

कांग्रेस ने अहिरवार समाज के युवा पंकज अहिवार को प्रत्याशी बनाया है। क्षेत्र में अहिरवार समाज के मतदाताओं की तादाद सबसे ज्यादा 6 लाख के आसपास है। सिर्फ यह वोट ही पंकज को मिल जाए तो वे मुकाबले में होंगे। समस्या यह है कि होली के बाद खेतों में कटाई के दौरान ही क्षेत्र का मजदूर बाहर पलायन करता है। इनमें अहिरवार समाज के मजदूरों की तादाद सबसे ज्यादा होती है। मतदान तक इन्हें रोकना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती होगी। दूसरा, अहिरवार समाज का अन्य समाजों के साथ छत्तीस का आंकड़ा रहता है। इसकी वजह से जहां अहिरवार समाज जाता है दूसरे समाज अपने आप दूसरे पाले में चले जाते हैं। यही वजह है कि किरण अहिरवार 2019 में लोकसभा का चुनाव बड़े अंतर से हारी थीं और चार माह पहले जतारा से विधानसभा का चुनाव भी हार गईं, जबकि जतारा में भाजपा प्रत्याशी हरिशंकर खटीक का काफी विरोध था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुंदेलखंड अंचल की अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित टीकमगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार एक बार फिर मैदान में हैं, जबकि कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बदल दिया है। 2019 में कांग्रेस से मुकाबले में किरण अहिरवार थीं, इस बार पार्टी ने पंकज अहिरवार पर दांव लगाया है। भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लहर और किए गए विकास कार्यों पर भरोसा है तो कांग्रेस की ताकत अहिरवार समाज का वोट है, जो क्षेत्र में सबसे ज्यादा लगभग 6 लाख है। भाजपा के वीरेंद्र बाहरी हैं, इसका कुछ नुकसान चुनाव में हो सकता है, जबकि कांग्रेस को मजदूरों के पलायन का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। पलायन करने वाले ज्यादा मजदूर अहिरवार समाज के होते हैं। बहरहाल, दोनों दलों ने मोर्चाबंदी शुरू कर दी है। टीकमगढ़ में मुकाबला रोचक देखने को मिल सकता है।


वीरेंद्र कुमार, भाजपा


पंकज अहिरवार, कांग्रेस

#### भाजपा पांच और कांग्रेस तीन विधानसभा क्षेत्रों में काबिज

टीकमगढ़ क्षेत्र में तीन जिलों की विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें निवाड़ी जिले की 2, टीकमगढ़ जिले की 3 और छतरपुर जिले की 3 विधानसभा सीटें शामिल हैं। विधानसभा चुनाव की ताकत के लिहाज से इनमें से 5 पर भाजपा और 3 सीटों पर कांग्रेस काबिज है। इस आधार पर क्षेत्र में भाजपा मजबूत स्थिति में है। विधानसभा चुनाव में मिले वोटों की दृष्टि से भाजपा ने सभी 5 क्षेत्रों में बड़ी जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस की जीत का अंतर अपेक्षाकृत कम रहा है। 5 विधानसभा सीटों में भाजपा की जीत 94 हजार 419 वोटों से हुई है, जबकि कांग्रेस का तीन सीटों में जीत का अंतर महज 19 हजार 66 वोट है। इस प्रकार टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को कांग्रेस पर 75 हजार से ज्यादा वोटों की बढ़त हासिल है। लोकसभा चुनाव के लिहाज से यह बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन देश का राजनीतिक माहौल भाजपा को और लाभ पहुंचा सकता है।

#### चुनाव दर चुनाव बढ़ा भारतीय जनता पार्टी की जीत का अंतर

2008 में परिसीमन के बाद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित टीकमगढ़ लोकसभा सीट का गठन हुआ था। तब से ही यहां से भाजपा जीत ही नहीं रही, बल्कि चुनाव दर चुनाव उसकी जीत का अंतर भी बढ़ रहा है। भाजपा ने लगातार चौथी बार यहां से वीरेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया है। वे 2009 में पहला लोकसभा चुनाव 41 हजार 862 वोटों के अंतर से जीते थे और अगली बार 2014 में उनकी जीत का अंतर 2 लाख 8 हजार से ज्यादा हो गया। वीरेंद्र ने 2019 में अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी किरण अहिरवार को लगभग साढ़े तीन लाख वोटों के बड़े अंतर से हराया।

#### इस बार भी वीरेंद्र के बाहरी होने का मुद्दा

टीकमगढ़ से भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार 2009 से पहले सागर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते और जीतते थे। तब सागर लोकसभा सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। वीरेंद्र यहां 1996 से 2004 तक चार लोकसभा चुनाव लड़े और जीते, लेकिन इसके बाद परिसीमन में सागर सीट सामान्य हो गई। भाजपा नेतृत्व ने इसके बाद भी वीरेंद्र पर भरोसा कायम रखा और उन्हें टीकमगढ़ से प्रत्याशी बनाया जाने लगा। यहां भी वे चौथा चुनाव लड़ रहे हैं और हर बार की तरह इस बार भी टीकमगढ़ में वीरेंद्र के बाहरी होने को मुद्दा बनाया जा रहा है। भाजपा के अंदर भी इसे लेकर असंतोष की खबरें मिल रही हैं।



## पूर्व गृहमंत्री विज से मिले मुख्यमंत्री नायब सैनी, 40 मिनट तक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

■ विज ने गर्मजोशी से किया स्वागत, मुख्यमंत्री ने लिया आशीर्वाद

राज्य सरकार से नाराज चल रहे पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से सीएम नायब सिंह सैनी ने उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान विज ने सीएम का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। दोनों ने एक दूसरे को शॉल ओढाकर रिश्तों पर जमीं बर्फ को पिघालने का प्रयास किया। करीब 40 मिनट की इस मुलाकात के दौरान सीएम नायब सिंह सैनी ने विज की जमकर तारीफ की। उनके पांव छूकर आशीर्वाद भी लिया। सीएम से मुलाकात के बाद विज ने पत्रकारों से बातचीत में हंसते हुए कहा कि मुलाकात हुई, कुछ बात हुई। उन्होंने कहा कि वे सरकार से नाराज नहीं हैं। मैं पहले भी कह चुका हूं कि मैं कभी नाराज नहीं होता। मैं भारतीय जनता पार्टी का अनन्य भगत हूं। इस तरह की बात को मैं दिल से नहीं लगाता हूं। उधर सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि अनिल विज हमारे वरिष्ठ नेता हैं। जब मैं यहां पार्टी का जिला अध्यक्ष था तब भी विज साहब का आशीर्वाद मिलता रहा है। फिर पार्टी का अध्यक्ष बना तब भी आशीर्वाद मिला। अब पार्टी ने सीएम की जिम्मेदारी दी है तो अब भी उनका आशीर्वाद लेने के लिए आया हूं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में उन्हें प्रदेश की सभी 10 सीटें जीतनी हैं। जो कार्य हमारे पीएम नरेंद्र मोदी और पूर्व सीएम मनोहर लाल ने किए हैं उन सब कामों को भी आगे बढ़ाना है। बता दें कि बीते रोज ही सीएम नायब सैनी ने कहा था कि वह अनिल विज के घर जाएंगे और चाय पिएंगे। साथ में आशीर्वाद लेंगे। सीएम ने कहा था कि अनिल विज नाराज नहीं हैं। वह हमारे वरिष्ठ नेता हैं, उनका मार्गदर्शन मिलता है। उनका आशीर्वाद पहले भी था, अब भी है।

मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद नायब सिंह सैनी मंगलवार को अंबाला से होकर निकले थे। तब उम्मीद थी कि वे पूर्व गृहमंत्री अनिल विज से मुलाकात करेंगे। पर ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद सरकार से पूर्व गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की नाराजगी की लगातार सुर्खियां बन रही थी। अब सीएम ने उनसे मुलाकात कर काफी हद डैमेज कंट्रोल कर लिया है।

## चुनावी चटखारे...

मतदाता को मत देने की मिली हुई आजादी।



भूल ना करना इस अवसर की,
मत करना बर्बादी।
पांच वर्ष के बाद आज फिर
अवसर आया।
जन-जन का अधिकार इसे ना
करिए जाया।
चुनिए उसको ही जो होवे, जनता
का हितकारी।
पांच वर्ष के बाद आई है, अब चुनने की बारी।

डॉ. मोहन तिवारी 'आनंद',

## जानिए आदर्श आचार संहिता.....

### शासकीय कर्मचारियों को निष्पक्ष रहना चाहिए

लोकसभा चुनाव कार्य के लिए शासकीय तंत्र को तैयार करना है। शासन चाहता है कि इस चुनाव में कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी सही प्रकार से निभाएं। चुनाव कार्य इतने व्यापक स्वरूप का है कि प्रत्येक विभाग के सहयोग के बगैर चाहे वह वाहन एवं अन्य संसाधनों के रूप में हो, या कर्मचारियों के रूप में, यह कार्य सुचारू ढंग से नहीं हो सकता। शासकीय कर्मचारियों को चुनाव में निष्पक्ष रहना चाहिए। जनता को उनकी निष्पक्षता का विश्वास होना चाहिए तथा उन्हें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए, जिससे ऐसी शंका भी हो सके कि वे किसी दल या उम्मीदवार की मदद कर रहे हैं। कर्मचारियों को किसी भी प्रकार चुनाव अभियान या प्रचार में भाग नहीं लेना चाहिए। उन्हें यह देखना चाहिए कि सरकार में उनकी हैसियत या उन्हें प्रदत्त अधिकारों का लाभ कोई दल या उम्मीदवार न ले सके। किसी अभ्यर्थी के निर्वाचन के लिए कार्य करना मप्र सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के प्रावधानों के विपरीत है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 129 एवं 134-क की ओर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिनके अनुसार निर्वाचनों से सम्बद्ध अधिकारी, कर्मचारी न किसी अभ्यर्थी के लिए कार्य करेंगे और न ही उसे मत देने के लिए प्रभाव डालेंगे। इसके अतिरिक्त कोई शासकीय सेवक निर्वाचन में खड़े किसी अभ्यर्थी के लिए निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता या गणना अभिकर्ता के रूप में कार्य नहीं कर सकता है।

## मतदाताओं की राय...

### पार्टियों के प्रत्याशी सामने आएं तो कुछ बात हो..

विधानसभा चुनाव में तो लोगों ने चुनाव को लेकर खूब चर्चाएं कीं। अब बात लोकसभा चुनाव की हो रही है, लेकिन दोनों प्रमुख पार्टियों में से भाजपा ने ही अपना पत्ता खोला है। ऐसे में कांग्रेस के प्रत्याशी का नाम भी सामने आए तो चुनाव में जीत-हार की बात की जाए। अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा।



- तुलसीराम गौर, करोंद

### फिर वही बात होगी, लेकिन इस बार मुद्दे कुछ और भी होंगे...

अभी करीब चार महीने ही होने वाले हैं कि शहर में चुनावी चर्चा का दौर फिर से शुरू हो रहा है। ऐसे में बात प्रत्याशी की सबसे पहले होती है। लेकिन कांग्रेस ने अभी प्रत्याशी ही नहीं बताया है कि कौन है, तो चर्चा का कोई आधार नहीं बन पाता है। ऐसे में पिछले चुनाव में जो मुद्दे रहे हैं, इस बार उनसे अलग भी रह सकते हैं। पार्टी की छवि हमेशा असर करती है। इसके अलावा रोजगार, सड़कें, पानी, बिजली शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं भी अहमियत रखती हैं। राष्ट्र के मुद्दे भी लोगों को प्रभावित करेंगे।



- शेखर लोधी, भोपाल

## जैसा मैंने देखा चुनाव...

### ग्वालियर की जनता के लिए धर्मसंकट के समान था 1985 का लोस चुनाव


राकेश अचल
वरिष्ठ पत्रकार

देश में हर आम चुनाव अपने आप में अनूठा होता है, लेकिन 1985 का आम चुनाव सबसे अलग था। उस चुनाव में ग्वालियर संसदीय सीट से भाजपा के शीर्ष नेता अटल बिहारी वाजपेयी के खिलाफ कांग्रेस ने सिंधिया राजघराने के प्रमुख माधव राव सिंधिया को अपना प्रत्याशी बनाकर भाजपा के पसीने छुड़ा दिए थे। भाजपा के लिए ग्वालियर अजेय सीट थी। ग्वालियर सीट से वो ही प्रत्याशी जीतता था, जिसे सिंधिया घराने का समर्थन हासिल हो। ग्वालियर वाले राजनीतिक दल नहीं, बल्कि उसका सिंधिया परिवार से रिश्ता देखते थे। 1984-85 का लोकसभा चुनाव ग्वालियर की जनता के लिए धर्मसंकट का चुनाव था।

एक तरफ सिंधिया घराने के प्रमुख माधव राव सिंधिया थे और दूसरी तरफ़ भाजपा की संस्थापक राजमाता विजया राजे सिंधिया के समर्थन से चुनाव लड़ रहे अटल बिहारी वाजपेयी थे। माधव राव सिंधिया की उम्मीदवारी के साथ ही ग्वालियर का चुनाव इकतरफा हो गया। भाजपा ने चुनाव प्रचार शुरू करने से पहले ही हार मान ली। अटलजी को गली-गली घूमकर वोट मांगना पड़े। कांग्रेस ने माधव राव सिंधिया का नाम नामांकन पेश करने के एक घंटे पहले घोषित किया था। अटलजी अपनी सीट भी नहीं बदल सकते थे। अटल बिहारी वाजपेयी के लिए राजमाता विजया राजे सिंधिया ने भी मन मारकर चुनाव प्रचार किया, लेकिन अटलजी ने मतगणना शुरू होने के दो घंटे बाद ही अपनी हार मान ली और दिल्ली लौट गए। इस चुनाव में माधव राव सिंधिया अटल बिहारी वाजपेयी के मुकाबले दो लाख से ज्यादा मतों से जीते थे।

अटल बिहारी वाजपेयी 1971 में यहां से चुनाव जीत चुके थे। भाजपा ने 1980 की इंदिरा लहर में भी ग्वालियर सीट जीती थी, लेकिन सिंधिया के सामने राजमाता के दूसरे बेटे अटल बिहारी वाजपेयी खुद को हारने से नहीं बचा सके थे।

### 34 जिलों में ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया हुई पूरी

लोकसभा निर्वाचन- 2024 को लेकर 34 जिलों में ईवीएम की प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया गुरुवार को पूरी हो गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनपुम राजन ने बताया कि ईवीएम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की अधिकृत उपस्थिति में हुई फिर इन मशीनों को विधानसभा क्षेत्रवार अलॉट कर दिया गया है। ईवीएम को विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है। श्योपुर, मुरैना,ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, अनूपपुर, उमरिया, कटनी, जबलपुर, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, विदिशा, भोपाल, सीहोर, राजगढ़ एवं निवाड़ी में प्रक्रिया हुई।

### आपत्तिजनक वीडियो की धमकी देकर युवक को किया ब्लैकमेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग कोतवाली थाना में एक युवक की आपत्तिजनक वीडियो को प्रसारित करने का डर दिखाकर ब्लैकमेलिंग करने का मामला दर्ज हुआ है। आरोपी दो साल से शिकायतकर्ता को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा था। आरोपी का कहना था कि उसने एक व्यक्ति के पास एक वीडियो देखा है, जिसमें शिकायतकर्ता का छोटा भाई किसी लड़की के साथ आपत्तिजनक स्थिति में है। उस वीडियो को प्रसारित होने से रोकने के लिए वो 10 लाख रुपए की मांग कर रहा था। जब शिकायतकर्ता को आरोपी की चालाकी का पता चला तो उसने दुर्ग कोतवाली थाना में शिकायत की। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस ने बताया कि गवली पारा दुर्ग निवासी शिकायतकर्ता सुमित बोथरा की शिकायत पर शिवपारा दुर्ग निवासी टीसू बड़जात्या को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता और आरोपी पहले के परिचित हैं। दो साल पहले आरोपी ने शिकायतकर्ता से कहा था कि उसने एक व्यक्ति के पास एक वीडियो देखा है। जिसमें उसका छोटा भाई किसी लड़की के साथ आपत्तिजनक स्थिति में है। उसने कहा कि यदि उस व्यक्ति को 10 लाख रुपए दे दिए जाए तो वो उस वीडियो को उन्हें दे देगा। शिकायतकर्ता ने पहले वीडियो देखने की बात कही तो आरोपी कोई न कोई बहाना बनाकर टालता गया। आरोपी ने 19 दिसंबर 2023 को एक नए नंबर से पीड़ित के मोबाइल पर एक धमकी भरा मैसेज भेजा और बोला कि यदि उसे 10 लाख रुपए नहीं मिलते तो वो उसके छोटे भाई का वीडियो प्रसारित कर देगा। आरोपी ने 13 मार्च को फिर से धमकी भरा मैसेज भेजा। इसके बाद वीडियो आया। जिसमें टीसू नजर आ रहा था और एक व्यक्ति धमकी दे रहा था कि यदि उसे पैसे नहीं मिले तो उसके भाई का यही हाल होगा।

## घर लौट रहे ग्रामीण पर जंगली सुअर का हमला

### ग्रामीण को प्राथमिक उपचार के बाद कटघोरा किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत तुमान में निवासरत मंगल राम केंवट मुर्रा बेचने के लिए छेवधरा, बाहरी झरिया गया हुआ था। वहां से वह वापस लौट रहा था, तभी जंगली सूअर ने मंगल राम केंवट पर हमला कर दिया, घटना में उसे चोट लगी। ग्रामीणों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तुमान में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे कटघोरा रेफर कर दिया गया। वन विभाग के अध्यक्ष एवं वन विभाग के स्टाफ द्वारा सहायता राशि देते हुए कटघोरा भेजा गया।



### निर्माणाधीन मकान में निकला सांप, रेस्क्यू कर छोड़ा गया सुरक्षित स्थल

कोरबा। कोरबा के रिसदी बस्ती के एक घर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब आवास निर्माण के दौरान आंगन में सांप निकल आया। लोगों को समझते देर नहीं लगा कि वह साप हैं। लोग सांप से दूर हुए और इसकी सूचना सर्प मित्र टीम को दी गई। मौके पर पहुंचे सर्प मित्र जितेंद्र सारथी ने सांप का रेस्क्यू किया। तब कहीं जाकर लोगों ने राहत भरी सांस ली। घर वालों ने बताया यह सांप दिन में नहीं बल्कि रात से ही घुस कर बैठा रहा होगा। सर्प मित्र ने कहा कि सांप एक स्थान पर नहीं रहते, शिकार की तलाश में अक्सर भटक कर घर की ओर आ जाते हैं। रेस्क्यू कर डिब्बे मे बंद किए सांप को थोड़ी देर बाद जंगल में छोड़ दिया गया। शहर के साथ गांवों में भी वन्य जीव जन्तु संरक्षण के प्रति जागरूकता देखने को मिला।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**विज्ञा. सं. 10** **प्रकाशन की तिथि : 23.03.2024**

आयोग, **श्रम विभाग, हरियाणा में सहायक श्रम आयुक्त** के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| पद का नाम | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| श्रम विभाग, हरियाणा में सहायक श्रम आयुक्त | हरियाणा के बीसी-बी | 01 |

(ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 03.04.2024
(बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 24.04.2024 अप. 11:55 बजे तक
(सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 24.04.2024 अप. 11:55 बजे तक
अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।
दिनांक : 13.03.2024 हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला



## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**विज्ञा. सं. 11** **प्रकाशन की तिथि : 23.03.2024**

आयोग, एचपीजीसीएल, पावर विभाग में कैमिस्ट (श्रेणी-II) के पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। पदों का श्रेणी-वार ब्रेक-अप निम्नानुसार है :-

| पद का नाम | सामान्य | एससी | कुल |
|---|---|---|---|
| एचपीजीसीएल में कैमिस्ट (श्रेणी-II) | 04 | 02 | 06 |

(ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 01.04.2024
(बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 22.04.2024 अप. 11:55 बजे तक
(सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 22.04.2024 अप. 11:55 बजे तक
अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।
दिनांक : 13.03.2024 हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला



## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**विज्ञा. सं. 12** **प्रकाशन की तिथि : 23.03.2024**

आयोग, **श्रम विभाग, हरियाणा में सहायक निदेशक, औद्योगिक स्वास्थ्य-सह-प्रमाणीकरण सर्जन** के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| पद का नाम | श्रेणी | कुल पद |
|---|---|---|
| श्रम विभाग, हरियाणा में सहायक निदेशक, औद्योगिक स्वास्थ्य-सह-प्रमाणीकरण सर्जन | एससी | 02 |

(ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 02.04.2024
(बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 23.04.2024 अप. 11:55 बजे तक
(सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 23.04.2024 अप. 11:55 बजे तक
अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।
दिनांक : 13.03.2024 हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/246/2024/26035/88/7 दि. 22.03.24 पंचकूला

लोकसभा और विधान सभा चुनावों में गठजोड़ की रणनीति

# ओडिशा में बीजू जनता दल से नहीं बनी समझौते की बात, भाजपा ने किया लोकसभा और विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर/ नई दिल्ली

ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी और बीजू जनता दल के बीच विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के लिए सीटों पर समझौता नहीं हो पाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन समाल ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा इस बार लोकसभा की सभी 21 सीटों और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और बीजेडी के बीच सीटों पर समझौते की बात चल रही थी और दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन को लेकर लगातार अटकलें चल रही थी, लेकिन शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष के बयान के बाद यह साफ हो गया है कि ओडिशा में भाजपा और भाजपा के बीच सीटों का समझौता नहीं हो रहा है। ओडिशा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन समाल ने ट्वीट किया कि विगत 10 वर्षों से नवीन पटनायक के नेतृत्व में ओडिशा की बीजेडी मोदी सरकार के अनेक राष्ट्रीय महत्व के प्रसंगों में समर्थन देती आई है, इसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं।

ओडिशा में भाजपा और बीजेडी के बीच सीटों पर समझौता नहीं हो पाया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन समाल ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा इस बार लोकसभा की सभी 21 सीटों और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

- पटनायक के नेतृत्व में बीजेडी मोदी सरकार की मददगार
- प्रदेश अध्यक्ष ने उनका आभार भी व्यक्त किया

**भाजपा बोली- 4.5 करोड़ ओडिशावासियों की आशा, अभिलाषा और आकांक्षाओं को पूरा करेंगे**





### प्रदेशाध्यक्ष समाल बोले- हम विकसित ओडिशा बनाएंगे

उन्होंने कहा कि अनुभव में आया है कि देशभर में जहां भी डबल इंजन की सरकार रही है, वहां विकास व गरीब कल्याण के कार्यों में तेजी आई है और राज्य हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं, समाल ने कहा कि ओडिशा-अस्मिता, ओडिशा गौरव और ओडिशा के लोगों के हित से जुड़े अनेकों विषयों पर हमारी चिंताएं हैं। उन्होंने कहा कि4.5 करोड़ ओडिशावासियों की आशा, अभिलाषा और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत तथा विकसित ओडिशा बनाने के लिए भाजपा इस बार लोकसभा की सभी 21 सीटों और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। पिछले कुछ समय से ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक की पार्टी के एनडीए में शामिल होने को लेकर काफी अटकलें थी, लेकिन अब मामला साफ हो गया है।

**भाजपा की लोकसभा की चौथी सूची जारी**

## तमिलनाडु और पुडुचेरी के 15 उम्मीदवार घोषित



लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बीते दिनों भाजपा ने अपने 9 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की थी।अब पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की चौथी लिस्ट जारी कर दी है। तीसरी और चौथी दोनों ही प्रत्याशियों की लिस्ट में भाजपा ने दक्षिण भारत की सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किए थे। आज पार्टी ने अपनी नई लिस्ट में तमिलनाडु के 14 और पुडुचेरी का एक प्रत्याशी घोषित कर दिया है।तमिलनाडु और पुडुचेरी में 19 अप्रैल को पहले ही चरण में वोटिंग होनी है। ऐसे में पार्टी ने ताबड़तोड़ तरीके से इन दोनों ही राज्यों से अपने प्रत्याशी घोषित किए हैं। भाजपा इन चुनावों में दक्षिण भारत के कई राज्यों में अपने बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही थी। पुडुचेरी लोकसभा सीट पर भाजपा ने ए. नमस्सिवायम को अपना प्रत्याशी बनाया है। यह सीट फिलहाल कांग्रेस के पास है। यहां से कांग्रेस के केवी वैथिलिंगम सांसद हैं, कांग्रेस ने एक बार फिर उन्हें मौका दिया है, जिसके चलते भाजपा ने इस सीट से अपना प्रत्याशी बदल दिया है।

### उपचुनाव के लिए घोषित किए प्रत्याशी

इसके साथ ही भाजपा ने तमिलनाडु की विलावनकोड और त्रिपुरा की रामनगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव सीट के लिए भी प्रत्याशी घोषित किए हैं। रामनगर सीट से दीपक मजूमदार को प्रत्याशी बनाया गया है तो विलवनकोड सीट से वी एस नंथिनी को अपना कैंडिडेट बनाया है।

### सूची में ये नाम शामिल

पार्टी ने तिरुवल्लूर सीट से पोन वी बालगणपति , चेन्नई नॉर्थ से आरसी पॉल कनगराज, तिरुवन्नामलाई से आश्वथामन, नमक्कल सीट से केपी रामलिंगम, तिरुप्पुर से एपी मुरुगानंदम, पोलची से केवसंतराज, करूर से वीवीसेंथिलनाथन, चिदंबरम एससी सीट से पी कार्थियायिनी, नागापट्टिनम से एसीएम सुरेश, तंजावुर से एम मुरुगानंदनम, देवनाथ यादव शिवगंगा सीट, रामश्रीनिवास मदुरै सीट से, विरुधुनगर से राधिका सरथकुमार, तेनकासी एससी सीट से बी जॉन पांडियन को भाजपा ने प्रत्याशी घोषित किया है।



कांग्रेस को बड़ा झटका

### राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने दिया इस्तीफा

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक और झटका लगा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अहमदाबाद पूर्व सीट से लोकसभा उम्मीदवारी वापस ली थी। गुप्ता ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। रोहन ने कहा कि उनके पिता के साथ पार्टी ने विश्वासघात किया। उनके साथ ही ऐसा ही किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजी चिट्ठी में उन्होंने कांग्रेस के एक वामपंथी विचारधारा वाले नेता को जिम्मेदार माना है।

उधर, सुक्खू सरकार की मुश्किलें और बढ़ीं

### 3 निर्दलीय विधायकों ने स्पीकर को सौंपा इस्तीफा



राजनीतिक गहमागहमी के बीच हिमाचल प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा पहुंचकर अपना इस्तीफा दिया। निर्दलीय केएल ठाकुर, होशियार सिंह और आशीष शर्मा ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से मुलाकात कर अपना इस्तीफा विधानसभा सचिव को सौंपा। निर्दलीयों ने कहा कि उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता के हित में विधायक पद से इस्तीफा दिया है। कहा कि भाजपा से विधानसभा उपचुनाव लड़ेंगे। भाजपा की ओर से जल्द टिकट तय होंगे। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आगे बढ़ रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा के नेतृत्व पर पूरा विश्वास है।

**अब 9 सीटों पर होंगे विधानसभा उपचुनाव**

तीनों निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र से राज्य की राजनीतिक में फिर से नए समीकरण बनने के आसार हैं। इनके इस्तीफे से खाली हुई विधानसभा सीटों पर भी चुनाव होंगे। अब कुल 9विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव होना तय है।



### खरगे की सीट से कांग्रेस ने उनके दामाद डोड्डामणि को बनाया उम्मीदवार

कांग्रेस ने गुरुवार को लोकसभा उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की, जिससे यह काफी हद तक साफ हो गया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे चुनाव नहीं लड़ेंगे।सूची में कांग्रेस ने खरगे की पारंपरिक सीट गुलबर्गा से उनके दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि को चुनाव मैदान में उतारा है। खरगे 2009 और 2014 में गुलबर्गा से लोकसभा पहुंचे थे। हालांकि, 2019 में खरगे हार गए थे। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने सफाई दी और कहा कि खरगे के पास कई जिम्मेदारियां हैं।

सीपीआई ने किया बड़ा ऐलान

### बेगूसराय से कन्हैया कुमार नहीं होंगे इंडि गठबंधन के उम्मीदवार



2019 में बेगूसराय से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले कन्हैया कुमार का इंडी गठबंधन (बिहार में महागठबंधन) से टिकट कट गया है। सीपीआई ने पूर्व विधायक अवधेश कुमार राय को उम्मीदवार बनाया है। सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने इसकी घोषणा कर दी है। पटना में शुक्रवार को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी।

पल्लवी का बड़ा बयान

### एनडीए से ऑफर मिला तो विचार करेंगे



समाजवादी पार्टी से अपना दल कमेरावादी का गठबंधन टूटने के बाद पल्लवी पटेल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर एनडीए से ऑफर मिला तो हम इस पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन हमारे साथ वही कर रहा है जो नीतीश कुमार के साथ किया। हमने तीन सीट गठबंधन के सहयोगियों से चर्चा के बाद घोषित की थी। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश से नाता तोड़ लिया था। उन्होंने कहा कि एनडीए से ऑफर आया तो सोचेंगे।

### पूरे देश की महिला मुखियाओं को देंगे 3000 रुपए प्रति माह



लोकसभा चुनाव से पहले कई पार्टियां लोकलुभावन वादे कर रही हैं। कोई फ्री बिजली देने का वादा कर रही है, तो कोई युवाओं को सरकारी नौकरी। इस बीच एक पार्टी ने महिलाओं को मासिक सहायता देने की घोषणा की है।अन्नाद्रमुक ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें पार्टी ने अन्य बातों के अलावा देश भर में आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों की महिला मुखियाओं को 3,000 रुपए मासिक वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने का वादा किया।

**केंद्र सरकार से करेंगे आग्रह**

पार्टी महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी द्वारा जारी घोषणापत्र में कहा कि पार्टी केंद्र से भारत में आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों की महिला मुखियाओं को मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह करेगी। 113 चुनावी आश्वासनों में राज्यों के लिए राज्यपालों की नियुक्ति, एनईईटी के लिए एक वैकल्पिक परीक्षा, चेन्नई में सुप्रीम कोर्ट की पीठ की स्थापना शामिल हैं।

### मैं नाराज नहीं, ऐसी बातें तो होती रहती हैं

हरियाणा में सियासी उलटफेर के बाद से नाराज चल रहे पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से मिलने के लिए खुद सीएम नायब सैनी उनके अंबाला में आवास पर पहुंचे। विज ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। विज ने सीएम को शॉल भी पहनाई। सीएम ने विज के पैर छुए।

### शिंदे की शिवसेना से चुनाव लड़ेंगे एक्टर गोविंदा

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रहे गोविंदा दूसरी सियासी पारी शुरू करना चाहते हैं। उनकी पिछले दिनों महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे से मुलाकात हुई थी और कयास लग रहे कि वे उत्तर पश्चिम मुंबई से लोकसभा चुनाव में उतरेंगे।

**खबर संक्षेप**

### एल्विश यादव को कोर्ट से मिली जमानत



**नोएडा।** एल्विश यादव की जमानत याचिका पर 22 मार्च को कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने एल्विश को जमानत दे दी है। एल्विश रेव पार्टी में सांपों के जहर की तस्करी के मामले में जेल में बंद थे। एल्विशके वकील प्रशांत राठी ने कहा था कि उन्होंने जमानत याचिका दाखिल की है। शुक्रवार को कोर्ट में जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने उसे जमानत दी है।

### 2 बाइक पर सवार 6 को ट्रक ने कुचला, 4 मरे



**भोजपुर।** बिहार के भोजपुर में सड़क हादसे में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना पीरो थाना क्षेत्र के मनैनी छलका बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर हुई है। दो लोगों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीरो थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। ट्रक चालक इसके बाद आसानी से फरार हो गया है।

### मुंबई से गोरखपुर जा रही 'गोदान' में आग



**नासिक।** मुंबई से गोरखपुर जाने वाली गोदान एक्सप्रेस में आग लगने का मामला सामने आया है। ट्रेन मुंबई से चलकर महाराष्ट्र के नासिक रोड स्टेशन के पास पहुंची थी। गोदान एक्सप्रेस के आखिर वाली लगेज बोगी में अचानक आग लगी। दोपहर 3 बजे आग लगने की सूचना मिलते ही एहतियात के तौर पर ट्रेन के बाकी हिस्सों को लगेज कम्पार्टमेंट से अलग कर दिया गया।



## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए होली सीज़न के दौरान रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01053 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 12:15 | बनारस | 16:05 | बुधवार | 27.03.24 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 23:55 | गुरूवार | 28.03.24 तक | |
| 01123 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 12:15 | गोरखपुर जं. | 18:55 | शुक्रवार | 29.03.24 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 01124 | गोरखपुर जं. | 21:15 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 07:25 | शनिवार | 30.03.24 तक | |
| 01103 | छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) | 22:35 | गोरखपुर जं. | 09:30 | गुरूवार | 28.03.24 तक | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 01104 | गोरखपुर जं. | 15:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) | 00:40 | शनिवार | 30.03.24 तक | |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:50 | बुधवार | 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05116 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:45 | छपरा | 09:30 | गुरूवार | 28.03.24 | |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 21:15 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 13:15 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05024 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:15 | गोरखपुर जं. | 07:30 | सोमवार | 25.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 05097 | टनकपुर जं. | 18:25 | दौरई जं. | 13:40 | सोम, बुध, शुक्र | 29.03.24 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05098 | दौरई जं. | 16:05 | टनकपुर जं. | 09:35 | शनि, मंगल, वीर | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 05047 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:30 | मंगलवार | 26.03.2024 | वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान |
| 05048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:15 | बनारस | 08:10 | बुधवार | 27.03.2024 | |
| 05053 | गोरखपुर जं. | 09:30 | बांद्रा टर्मिनस | 16:00 | शुक्रवार | 29.03.24 | सामान्य |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनस | 21:45 | गोरखपुर जं. | 06:25 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 05005 | गोरखपुर जं. | 14:40 | अमृतसर | 09:30 | बुधवार | 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | गोरखपुर जं. | 08:50 | गुरूवार | 28.03.24 | |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर | 09:30 | शुक्रवार | 29.03.24 | वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05050 | अमृतसर | 12:45 | छपरा | 14:00 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 05012 | गोमती नगर | 14:00 | छपरा | 00:05 | शनि सोम, बुध, गुरू | 27.03.24 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05011 | छपरा | 05:45 | गोमती नगर | 16:00 | रवि, मंगल, गुरू, शुक्र | 28.03.24 तक | |
| 05045 | लालकुआं | 13:10 | राजकोट | 18:10 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लालकुआं | 04:05 | सोमवार | 25.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 05193 | छपरा | 15:20 | पनवेल | 20:30 | गुरूवार | 28.03.24 | वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 05194 | पनवेल | 21:40 | छपरा | 08:50 | शुक्रवार | 29.03.24 | |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा | 00:30 | शनिवार | 23.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 09195 | वडोदरा | 19:00 | मऊ | 20:45 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 09196 | मऊ | 23:00 | वडोदरा | 00:45 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | |
| 04145 | सूबेदार गंज | 21:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 08:00 | तिथियों के अनुसार | 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 04146 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:00 | तिथियों के अनुसार | 23 से 25, 27 से 30.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 14:10 | सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03436 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 19:00 | मालदा टाउन | 23:30 | मंगलवार | 26.03.24 से 02.04.24 | |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शुक्रवार | 29.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 08476 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | पुरी | 06:55 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 08571 | विशाखापत्तनम | 08:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य |
| 08572 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | विशाखापत्तनम | 13:30 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | |
| 04066 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सोमवार, गुरूवार | 28.03.24 तक | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 11:20 | मंगलवार, शुक्रवार | 29.03.24 तक | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:50 | बरौनी | 06:30 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य। |
| 04061 | बरौनी | 08:00 | दिल्ली जं. | 07:35 | सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | गुरूवार | 28.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | शुक्रवार | 29.03.24 | |
| 04060 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | मंगलवार, शुक्रवार | 29.03.24 तक | शयनयान व सामान्य |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 19:55 | बुधवार, शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 01664 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | सोमवार | 25.03.2024 | शयनयान व सामान्य |
| 01663 | सहरसा जं. | 09:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 13:55 | बुधवार | 27.03.2024 | |
| 04010 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | मंगलवार | 26.03.2024 | शयनयान व सामान्य |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 16:05 | गुरूवार | 28.03.2024 | |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गुरूवार, शुक्रवार | 29.03.24 तक | 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 04067 | दरभंगा | 18:00 | दिल्ली जं. | 16:40 | बुधवार, शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 04004 | नई दिल्ली | 00:10 | सीतामढ़ी | 22:00 | गुरूवार, शुक्रवार | 29.03.24 तक | 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 04003 | सीतामढ़ी | 23:30 | नई दिल्ली | 01:30 | | | |

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04033 | नई दिल्ली | 23:45 | श. कै. तुषार महाजन | 11:10 | शुक्रवार | 29.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04034 | श. कै. तुषार महाजन | 20:55 | नई दिल्ली | 09:30 | शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:10 | बुधवार, रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04076 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 20:55 | नई दिल्ली | 09:30 | गुरूवार, सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी | 09:45 | शनि, सोम, गुरू | 30.03.24 तक | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04079 | वाराणसी | 18:20 | दिल्ली जं. | 08:50 | रवि, मंगल, शुक्र | 31.03.24 तक | |
| 01654 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 23:35 | वाराणसी | 23:55 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य |
| 01653 | वाराणसी | 05:30 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:25 | मंगलवार | 26.03.24 से 02.04.24 | |
| 02371 | हावड़ा | 08:15 | बनारस | 21:45 | शनिवार | 23.03.2024 | प्रथम वता,, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 02372 | बनारस | 23:05 | हावड़ा | 12:20 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 13:20 | टूण्डला | 17:15 | प्रतिदिन | 24.03.24 तक | सामान्य |
| 04063 | टूण्डला | 17:45 | दिल्ली जं. | 22:15 | | | |
| 04923 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | 24.03.24 तक | सामान्य |
| 04924 | अम्बाला कैंट | 20:22 | सहारनपुर | 22:30 | | | |
| 04051 | दिल्ली जं. | 10:00 | पानीपत | 12:10 | प्रतिदिन | 24.03.24 तक | सामान्य |
| 04052 | पानीपत | 13:10 | दिल्ली जं. | 15:40 | | | |
| 04249 | वाराणसी | 06:25 | लखनऊ | 12:25 | प्रतिदिन | 24.03.24 तक | सामान्य |
| 04250 | लखनऊ | 16:35 | वाराणसी | 22:35 | | | |
| 04048 | नई दिल्ली | 06:20 | आगरा कैंट | 11:15 | प्रतिदिन | 23.03.2024 से 28.03.2024 | सामान्य |
| 04047 | आगरा कैंट | 14:30 | नई दिल्ली | 18:45 | | | |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 16:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 14:25 | शुक्रवार | 29.03.24 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 09004 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 17:25 | मुंबई सेंट्रल | 15:25 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 04731 | श्री गंगानगर | 14:30 | आगरा कैंट | 04:05 | बुधवार | 27.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 04732 | आगरा कैंट | 07:05 | श्री गंगानगर | 00:50 | गुरूवार | 28.03.24 | |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 23:00 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 03:20 | मंगलवार | 26.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 15:10 | गुरूवार | 28.03.24 | |
| 01432 | गोरखपुर जं. | 23:25 | पुणे | 06:25 | शनिवार | 23.03.2024 | 3 टियर वाता., एवं शयनयान |
| 01084 | गोरखपुर जं. | 15:30 | छत्रपति शिवाजी(टर्मि.) | 00:40 | रविवार | 24.03.2024 | 3 टियर वाता., एवं शयनयान |
| 04530 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04529 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |
| 04535 | कटिहार जं. | 07:00 | अम्बाला कैंट | 11:15 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04538 | चंडीगढ़ | 19:15 | कटिहार जं. | 23:45 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04537 | कटिहार जं. | 04:00 | चंडीगढ़ | 09:40 | तिथि अनुसार | 25.03.2024 | |
| 04539 | कटिहार जं. | 04:00 | अम्बाला कैंट | 09:00 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04533 | जयनगर | 23:30 | सरहिन्द | 05:15 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04498 | पलवल | 21:30 | मथुरा जं. | 23:00 | प्रतिदिन | 23.03.2024 से 28.03.2024 | सामान्य |
| 04497 | मथुरा जं. | 23:20 | पलवल | 01:00 | प्रतिदिन | | |
| 09457 | साबरमती | 08:00 | छपरा जं. | 16:00 | शनिवार | 23.03.2024 | सामान्य |
| 09458 | छपरा जं. | 20:00 | अहमदाबाद | 04:00 | रविवार | 24.03.2024 | |
| 01492 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | शनिवार | 23.03.2024 | प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04015 | गोरखपुर जं. | 16:00 | नई दिल्ली | 05:30 | शनिवार | 23.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04018 | नई दिल्ली | 20:15 | गोरखपुर जं. | 09:30 | शनिवार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04017 | गोरखपुर जं. | 12:00 | नई दिल्ली | 01:30 | रविवार | 24.03.2024 | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ई-कॉमर्स मंचों पर राजनीतिक दलों के सामानों की मची धूम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में आम चुनाव-2024 के करीब आते-आते राजनीतिक उत्साह ई-कॉमर्स क्षेत्र में भी व्याप्त हो गया है। ई-कॉमर्स मंचों पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल सबसे ज्यादा देखा जा रहा है।

■ झंडे से लेकर पेंडेंट और पेन तक विविध प्रकार के सामान उपलब्ध

ये ऑनलाइन मंच चुनाव से संबंधित सभी उत्पाद जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'कमल' से लेकर पुरानी समुद्री घड़ियों पर आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि पेश करते हैं।

## ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल व सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य

### ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई

इस प्रवृत्ति पर अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट से प्रतिक्रिया मांगने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों मंचों से प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, ई-कॉमर्स मंच पर इन सामानों के आपूर्तिकर्ताओं में से एक ने खुलासा किया कि लोकसभा चुनावों में ऐसी वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई।



### ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव

आपूर्तिकर्ता ने कहा, 'पहले, हमारी आपूर्ति दुकानों को होती थी, लेकिन ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव को देखते हुए हमें इसे अपनाना ही ठीक लगा।' लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से सात चरणों में होने हैं। मतगणना चार जून को होगी।

### उत्पाद की विस्तृत श्रृंखला

उदाहरण के लिए, 'नमो' मर्चेंडाइज वेबसाइट 'मोदी का परिवार', 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'मोदी की गारंटी', और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का दावा करती है।

### प्रवृत्ति की शुरुआत 2019 के चुनाव से

बस, किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर किसी भी राजनीतिक दल का नाम दर्ज करें, और झंडे से लेकर पेंडेंट (गले में पहना जाने वाला) और पेन तक विविध प्रकार के सामान पेज पर आ जाएंगे। एक ई-कॉमर्स मंच की एक प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रवृत्ति शुरू में 2019 के चुनावों के दौरान उभरी जब ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल और सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गए।

### वेबसाइटों पर बेची जा रही सामग्री

प्रतिनिधि ने कहा, 'जब सब कुछ ऑनलाइन बेचा जाता है, तो यह क्यों नहीं। ...और विक्रेता ही इसे हमारे मंच पर डालते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को बस यह जांचना है कि यह नियमों का पालन करता है कि नहीं।' विशेष रूप से, कुछ राजनीतिक दलों ने स्वयं अपनी-अपनी वेबसाइटों पर ऐसे माल बेचने में सक्रियता दिखाई है।

## अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य रहेगा सकारात्मक

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि निजी निवेश में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि जनवरी, 2025 से ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया कि खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है। आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया, 'सार्वजनिक निवेश पर लगातार ध्यान देने से निजी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है।' राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है। भारत ने लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से ऊपर की वृद्धि हासिल की है।

## एयरटेल पर चार लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने दिल्ली और बिहार सर्किल में ग्राहक सत्यापन मानदंडों के उल्लंघन के लिए भारती एयरटेल पर लगभग चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। दूरसंचार विभाग, दिल्ली सर्किल ने ग्राहक सत्यापन मानदंडों के कथित उल्लंघन के लिए 2.55 लाख रुपये का जुर्माना लगाने का नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली सर्किल ने जनवरी, 2023 के लिए दूरसंचार विभाग द्वारा किए गए सैंपल सीएएफ ऑडिट के बाद लाइसेंस समझौते के तहत ग्राहक सत्यापन मानदंडों के संबंध में नियमों और शर्तों के कथित उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया है। भारती एयरटेल ने एक अलग सूचना में कहा, विभाग के बिहार सर्किल ने भी कंपनी को नोटिस दिया है।

## डॉलर के मजबूत होने से एशियाई मुद्राएं हुई कमजोर

# रुपया 35 पैसे लुढ़ककर 83.48 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचा

प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने तथा एशियाई मुद्राओं के कमजोर होने के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 35 पैसे की भारी गिरावट के साथ 83.48 (अस्थायी) प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी कोषों की बाजार से धननिकासी के कारण भी रुपये की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.28 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला तथा कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले 35 पैसे औंधे मुंह लुढ़ककर 83.48 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।



■ अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपए में 35 पैसे की भारी गिरावट

■ विदेशी कोषों की बाजार से धन निकासी से रुपया हुआ प्रभावित

### दिसंबर 2023 को 83.40 के निम्न स्तर पर पहुंचा था

कारोबार के दौरान रुपये ने 83.52 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छुआ था। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 83.13 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस तरह डॉलर के मुकाबले रुपये में 35 पैसे की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इससे पूर्व 13 दिसंबर, 2023 को रुपये ने 83.40 प्रति डॉलर के निम्नतम स्तर को छुआ था।

***कमजोर यूरो, पाउंड के कारण डॉलर हुआ मजबूत***

*शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि कमजोर यूरो और पाउंड के कारण अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ। यूरो में गिरावट आने की वजह यह रही कि स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) ने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत से लेकर 1.5 प्रतिशत तक की कटौती कर बाजारों को आश्चर्यचकित कर दिया।*

### ईसीबी द्वारा ब्याज कटौती की संभावना बढ़ी

इससे जून 2024 में यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी) द्वारा ब्याजदर में कटौती की संभावना बढ़ गई है। बैंक ऑफ इंग्लैंड के ब्याज दर को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने के बाद पाउंड में भी गिरावट आई। चौधरी ने कहा कि अमेरिका के मजबूत आर्थिक आंकड़ों ने भी अमेरिकी डॉलर का समर्थन किया।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.50 अरब डॉलर



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में 6.396 अरब डॉलर बढ़कर 642.492 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर की उच्च वृद्धि के साथ 636.095 अरब डॉलर हो गया था।

#### रुपए की गिरावट थामने मुद्रा भंडार का उपयोग

अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया जिससे मुद्रा भंडार में थोड़ी कमी आई थी।

#### स्वर्ण आरक्षित भंडार बढ़ा

रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 42.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 51.14 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.276 अरब डॉलर हो गया।

#### विदेशी मुद्रा आस्तियां बढ़ी

15 मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.034 अरब डॉलर बढ़कर 568.386 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## रिजर्व बैंक के सरकारी कामकाज वाले कार्यालय 30, 31 मार्च को खुले रहेंगे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सरकारी कामकाज से संबंधित कार्यालय और एजेंसी बैंकों की सभी नामित शाखाएं करदाताओं की सुविधा के लिए चालू वित्त वर्ष के अंतिम दो दिन 30 और 31 मार्च को सामान्य कामकाजी घंटों के अनुरूप खुली रहेंगी। सरकारी खातों की वार्षिक बंदी को देखते हुए रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा, इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन 30 मार्च और 31 मार्च को शनिवार और रविवार होने के बाद भी निर्धारित समय तक किए जा सकते हैं। बयान के अनुसार, 'राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एनईएफटी) और वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) प्रणाली के माध्यम से लेनदेन 31 मार्च, 2024 को रात 12 बजे तक जारी रहेगा।'

■ करदाताओं की सुविधा के लिए कामकाजी घंटों में खुले रहेंगे

# एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का लगा जुर्माना

■ डीजीसीए ने जुर्माना मानदंडों का उल्लंघन करने लगाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने शुक्रवार को टाटा समूह के नियंत्रण वाली एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

यह जुर्माना उड़ान सेवा अवधि सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जनवरी में एयर इंडिया का मौके पर ऑडिट किया था। इस दौरान जमा किए गए सबूतों के आधार पर यह फैसला किया गया है। नियामक ने एक बयान में कहा, 'रिपोर्टों और सबूतों के विश्लेषण से पता चला कि एयर इंडिया लिमिटेड ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों चालक दल के सदस्यों के साथ उड़ान भरी थी।'

### चालक दल को पर्याप्त आराम देने में कोताही

बयान के मुताबिक एयरलाइन ने चालक दल को पर्याप्त साप्ताहिक आराम तथा लंबी उड़ानों से पहले और बाद में पर्याप्त आराम देने में कोताही बरती। नियामक ने एक मार्च को उल्लंघनों के संबंध में एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस नोटिस पर एयरलाइन के जवाब को संतोषजनक नहीं पाया गया।

## शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 190 अंक चढ़ा

**मुंबई।** अमेरिकी बाजारों में रिकॉर्ड तेजी और एलएंडटी, आईटीसी एवं मारुति सुजुकी जैसे प्रमुख शेयरों में मजबूती के बीच घरेलू शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व से इस साल दरों में तीन कटौतियों का संकेत मिलने के बाद शेयर बाजार में सकारात्मक माहौल बना हुआ है। कारोबारियों ने कहा कि हालांकि आईटी और तकनीकी शेयरों में भारी बिकवाली ने सूचकांकों पर दबाव बनाए रखा और उनकी बढ़त को सीमित कर दिया। शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद बाजारों ने शानदार सुधार दर्ज किया।

■ अमेरिकी बाजार में रही रिकॉर्ड तेजी

**टाटा केमिकल्स पर 103 करोड़ का जुर्माना लगा (नई दिल्ली)।** आयकर विभाग ने ब्याज की अस्वीकृति से संबंधित नियम के उल्लंघन के लिए टाटा केमिकल्स पर 103.63 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। उसे आयकर विभाग के नेशनल फेसलेस असेसमेंट सेंटर से एक आदेश मिला है, जिसमें धारा 36 (1) के तहत ब्याज की अस्वीकृति के लिए आयकर अधिनियम की धारा 270 ए (3) के तहत 103.63 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# सोना 875 रुपये टूटा, चांदी में 760 रुपये की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ सोना घटकर 66,575 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंचा

■ चांदी घटकर 76,990 रुपए प्रति किलो ग्राम पर बंद

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 875 रुपये की गिरावट के साथ 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 760 रुपये की गिरावट के साथ 76,990 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल था, जो पिछले बंद भाव से 875 रुपये की गिरावट दर्शाता है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,167 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 35 डॉलर की गिरावट है। ब्लिंकएक्स और जेएम फाइनेंशियल में शोध उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा) प्रणव मेर ने कहा, स्विस नेशनल बैंक द्वारा दरों में कटौती, उम्मीद से बेहतर पीएमआई और आवास डेटा के बाद मुनाफावसूली/दीर्घ परिसमापन और डॉलर सूचकांक में तेज उछाल के कारण सोने की कीमतें अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से लगभग दो प्रतिशत कम हो गई हैं।

## सेबी ने म्यूचुअल फंडों को विदेशी ईटीएफ में निवेश करने से रोका

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने कुछ म्यूचुअल फंडों को फ्रेश सब्सक्रिप्शन लेने से मना किया है। सेबी का यह निर्देश वैसे फंड ऑफ फंड्स के लिए है, जो विदेशी एक्सचेंजों पर लिस्टेड एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों यानी ईटीएफ में निवेश करते हैं। ये फंड 1 अप्रैल से नया सब्सक्रिप्शन नहीं ले पाएंगे। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने यह नया निर्देश ऐसे समय जारी किया है, जब संबंधित फंडों में आरबीआई के द्वारा सेट की गई लिमिट पूरी होने वाली है।


## पहचान की अपील



अज्ञात

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **अज्ञात, पुत्र अज्ञात, निवासी अज्ञात,** आयु लगभग 50/52 वर्ष, कद 5'5", रंग पतला, गोल चेहरा, मध्यम शरीर जो ग्रे रंग की लाइनिंग टी-शर्ट, सफेद रंग का बनियान, हल्के हरे रंग का अंडरवियर तथा नीले रंग का जींस पैंट पहने हुए दिनांक 20.03.2024 को प्लेटफार्म नं. 12-13, फुट ओवर ब्रिज-3 के नज़दीक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में डीडी नं. 20ए, दिनांक 20.03.2024 को धारा 174 सीआरपीसी के तहत थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो नीचे लिखे पते पर सूचित करें।

**थाना प्रभारी**
**थानाः नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**फोनः 011-23363622**
**9868462726, 8750871305**

DP/3422/RLY/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सागर उर्फ पागल पुत्र जय प्रकाश निवासी म. नं. एक्स-654, कैम्प नं. 1, नांगलोई, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **97/20 अन्तर्गत धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर उर्फ पागल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर उर्फ पागल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **97/20 अन्तर्गत धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना नांगलोई, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सागर उर्फ पागल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.05.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**शुभम डेवडिया**
महानगर दण्डाधिकारी (पश्चिम)
कमरा नं. 336ए, तृतीय तल
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/3160/OD/2024**
**(Court Matter)**

## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

### ज्योतिष

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन-दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते-बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59
8586896357

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### जॉब

☞ भारतीय वनविभाग ने निकाला वामपर ऑफर, वनविभाग में 5070 सीट पर सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट वैसेस पर (10th, 12th पास) लड़का लड़कियां आवेदन करें, पद-फॉरेस्टगार्ड क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-(28670 से 35670), कॉल या व्हाट्सअप करे-9046968782


## राशिफल

**मेष** – परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** – सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** – जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** – नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 5461



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 5460 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |

## सूडोकु नवताल - 5472

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5471 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |



## श्रेयस की वापसी मैच में हैदराबाद के नए कप्तान कमिंस देंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। मुकाबले में आईपीएल के दो सबसे महंगे खिलाड़ियों आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस के अलावा चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर भी फोकस रहेगा। कमर की चोट के कारण पिछले साल पूरे सत्र से बाहर रहे श्रेयस केकेआर की कमान संभालेंगे। केकेआर के सबसे कामयाब कप्तान गौतम गंभीर अब मेंटोर के रूप में दूसरी पारी में लौटे हें। टीम के मालिक शाहरुख खान ने गंभीर से कहा है, 'यह तुम्हारी टीम है। बनाओ या बिगाड़ो।' *मैच : शाम 7.30 बजे से*

### टीमें इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्स**
श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा।

**सनराइजर्स हैदराबाद**
पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन।

आईपीएल
*दुबे और जडेजा की फिफ्टी पार्टनरशिप*

# सीएसके 6 विकेट से जीता मुस्तफिजुर ने लिए 4 विकेट

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरूआती मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर यहां चेपॉक स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर अपना दबदबा जारी रखा। पहले सीएसके के गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान (29 रन देकर चार विकेट) ने अपनी 'वैरिएशन' से चार विकेट झटककर आरसीबी को मुश्किल में डाल दिया था। लेकिन अनुज रावत (48 रन) और दिनेश कार्तिक (नाबाद 38 रन) के बीच छठे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी से आरसीबी छह विकेट पर 173 रन का स्कोर बनाने में सफल रही। पर उसके गेंदबाज अपनी गलतियों से सीएसके को दबाव में लाने के बावजूद जीत दर्ज करने से नहीं रोक सके। सीएसके ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 176 रन बनाकर अपने नये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ को जीत से शुरूआत करायी। शिवम दूबे (28 गेंद में नाबाद 34 रन) और रविंद्र जडेजा (17 गेंद में नाबाद 25 रन) पांचवें विकेट के लिए नाबाद 66 रन जोड़कर सीएसके को जीत तक ले गये। गायकवाड़ (15 रन) ने रचिन रविंद्र (15 गेंद में 37 रन) के साथ अच्छी शुरूआत की लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सके। पर रचिन रविंद्र ने आईपीएल में पदार्पण में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी पारी के दौरान तीन चौके और तीन छक्के जमाये। गायकवाड़ (15 गेंद, तीन चौके) यश दयाल की गेंद पर आउट हुए। रचिन रविंद्र को कर्ण शर्मा ने अपना शिकार बनाया। अजिंक्य रहाणे ने दो छक्के से 19 गेंद में 27 रन और डेरिल मिचेल ने भी दो छक्के से 18 गेंद में 22 रन बनाये। ये दोनों कैमरन ग्रीन के शिकार हुए। इससे पहले आरसीबी ने मुस्तफिजुर के झटकों से उबरते हुए अनुज रावत (25 गेंद) और कार्तिक की मदद से सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। अनुज रावत (25 गेंद) ने तुषार देशपांडे के खिलाफ 25 रन जड़े और अनुभवी क्रिकेटर कार्तिक (नाबाद 38) के साथ मिलकर सिर्फ 57 गेंद में पर छठे विकेट के लिए 95 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभायी। शुरू में सतर्क होकर खेल रहे रावत ने देशपांडे पर तीन छक्के और एक चौके जड़कर पारी का रुख बदल दिया जिससे आरसीबी ने अपने आखिरी छह ओवर में 83 रन बनाये। कप्तान फाफ डुप्लेसी ने 35 रन की पारी खेली। रावत ने अपनी पारी के दौरान चार चौके और तीन छक्के लगाये। इससे पहले मुस्तफिजुर ने अपने पहले दो ओवरों में चार विकेट लेकर आरसीबी का स्कोर पांच विकेट पर 78 रन कर उसे दबाव में ला दिया था। पारी में पहले मुस्तफिजुर ने दबदबा बनाया, लेकिन उसके बाद रावत ने सूझ समझ वाली पारी खेली।





### बेंगलुरु-173/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| कोहली का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 21 |
| डुप्लेसी का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 35 |
| रजत का धोनी बो मुस्तफिजुर | 00 |
| मैक्सवेल का धोनी बो चाहर | 00 |
| कैमरन ग्रीन बो मुस्तफिजुर | 18 |
| अनुज रावत रन आउट | 48 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 38 |

अतिरिक्त : 13
कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन
विकेट पतन : 1-41,2-41, 3-42, 4-77, 5-78, 6-173
**गेंदबाजी:** चाहर 4-0-37-1, तुषार 4-0-47-0, महीश 4-0-36-0, मुस्तफिजुर 4-0-29-4, रविंद्र जडेजा 4-0-21-0

### चेन्नई-176/4 (18.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| गायकवाड का ग्रीन बो यश दयाल | 15 |
| रचिन रविंद्र का पाटीदार बो शर्मा | 37 |
| रहाणे का मैक्सवेल बो ग्रीन | 27 |
| मिचेल का पाटीदार बो ग्रीन | 22 |
| शिवम दूबे नाबाद | 34 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 25 |

अतिरिक्त : 16
कुल : 18.4 ओवर में चार विकेट पर 176 रन
विकेट पतन : 1-38,2-71, 3-99, 4-110
**गेंदबाजी:** मोहम्मद सिराज 4-0-38-0, यश दयाल 3-0-28-1, जोसफ 3.4-0-38-0, कर्ण शर्मा 2-0-24-1, डागर 2-0-6-0, कैमरन ग्रीन 3-0-27-2, ग्लेन मैक्सवेल 1-0-7-0

## पंत की वापसी से नए जोश में दिल्ली, किंग्स देंगे कड़ी चुनौती

**कैपिटल्स-पंजाब का मुकाबला दोपहर 3.30 बजे से**



एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन को भुलाकर दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के नए सत्र में शनिवार को जब आमने सामने होंगे तो सभी की नजरें महीनों बाद मैदान पर लौट रहे दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी।

दिसंबर 2022 में भयावह कार दुर्घटना में बाल बाल बचे पंत ने क्रिकेट के लिए अपने जुनून के दम पर समय से पहले रिकवरी कर ली है। पंत ने 15 महीने कड़ी मेहनत, जुझारूपन और हिम्मत के साथ रिकवरी को दिए हैं।

### दिल्ली की ताकत

पृथ्वी साव, मिचेल मार्श, पंत और स्टब्स जैसे आक्रामक बल्लेबाज दिल्ली के पास है जबकि गेंदबाजी की अगुवाई एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, मुकेश कुमार करेंगे। स्पिन का जिम्मा कुलदीप यादव और अक्षर पटेल संभालेंगे।

### टीमें इस प्रकार हैं

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), जितेश शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, हरप्रीत भाटिया, रिली रोसोयू, शशांक सिंह, क्रिस वोक्स, विश्वनाथ प्रताप सिंह, आशुतोष शर्मा, तनय त्यागराजन, अथर्व तायडे, ऋषि धवन, सैम कुरेन, सिकंदर रजा, शिवम सिंह, प्रिंस चौधरी, हरप्रीत बरार, अर्शदीप सिंह, कैगिसो रबाडा, नाथन एलिस, राहुत चहार, विद्वत कावेरप्पा, हर्षल पटेल।

## खबर संक्षेप



### आईपीएल में मैच नहीं यात्रा थकाऊ है : कमिंस

**कोलकाता।** पहली बार किसी टी20 टीम की अगुआई कर रहे आस्ट्रेलियाई विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि क्रिकेट का छोटा प्रारूप थकाऊ नहीं है लेकिन दो महीने तक चलने वाली इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान यात्रा करना और विभिन्न टीमों से भिड़ने के लिए अलग तरह की तैयारी करना निश्चित रूप से बड़ी चुनौती है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीतने वाली आस्ट्रेलियाई टीम की अगुआई करने वाले कमिंस पर सनराइजर्स हैदराबाद की किस्मत बदलने की बड़ी जिम्मेदारी है जो पिछले सत्र में अंतिम पायदान पर रही थी।

### डिसिल्वा-मेंडिस के शतक श्रीलंका 280 रन पर ढेर

**सिलहट।** कप्तान धनंजय डिसिल्वा (102) और कामिंदु मेंडिस (102) के शतकों से श्रीलंकाई टीम शुक्रवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन शुरुआती झटकों से उबरकर पहली पारी में 280 रन बनाने में सफल रही।



स्टंप तक श्रीलंका ने बांग्लादेश के 32 रन तक तीन विकेट झटक लिए थे। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद श्रीलंका ने 57 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद डिसिल्वा और कामिंदु दोनों ने समान 102 रन की शतकीय पारियां खेलकर टीम को संभाला।

### चैंपियन भारत को मिला कड़ा ग्रुप

**चेंगदू।** थॉमस और उबेर कप के शुक्रवार को यहां हुए ड्रा में मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष टीम को मजबूत इंडोनेशिया के साथ जबकि महिला टीम को दमदार चीन के साथ रखा गया।



भारतीय टीम अपने पहले खिताब का बचाव करने उतरेगी और उसे मुश्किल ग्रुप में रखा गया है। भारत 2022 में बैंकॉक में हुए फाइनल में इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर थॉमस कप जीतने वाला दुनिया का छठा देश बना था। उबेर कप में भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को ग्रुप ए में मेजबान और टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम चीन (15 बार की विजेता) के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

## मियामी ओपन : कालिनिना ने वोज्नियाकी को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स




यूक्रेन की 32वीं वरीयता प्राप्त अन्हेलिना कालिनिना ने हार की कगार पर पहुंचकर शानदार वापसी करते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलीन वोज्नियाकी को 5-7, 7-5, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैंपियन वोज्नियाकी ने दो साल बाद इसी टूर्नामेंट में टेनिस को अलविदा कह दिया था। वह दो बच्चों की मां बनने के बाद पिछले साल कोर्ट पर लौटी।

विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज बीट्रिज हदाद मेइया भी धीमी शुआत से उबरते हुए डायने पैरी को 3-6, 6-1, 6-4 से हराकर अगले दौर में पहुंच गई। महिला वर्ग के अन्य मैचों में 24वीं रैंकिंग वाली कैटी बूल्टर भी अगले दौर में पहुंच गई जब ब्रेंड एफ ने 7-6, 1-0 से पिछड़ने के बाद कोर्ट छोड़ दिया। मारिया सक्कारी, टेलर टाउनसेंड, अन्ना कालिन्स्काया, मेडिसन कीस भी अगले दौर में पहुंच गए। पुरुष वर्ग में केइ निशिकोरि को सेबेस्टियन ओफनेर ने 6-3, 6-4 से हराया।

## रॉयल्स टीम में जम्पा की जगह कोटियान, शरत टाइटंस से जुड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मुंबई को 42वां रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले तनुष कोटियान को आस्ट्रेलिया के एडम जम्पा के विकल्प के तौर पर शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किया गया।

कोटियान को उनके बेसप्राइज 20 लाख रुपए में खरीदा गया। पिछले सत्र में जम्पा ने रॉयल्स के लिए छह मैचों में आठ विकेट लिए थे। जम्पा ने टी20 विश्व कप के मद्देनजर कार्यभार का हवाला देकर जम्पा ने आईपीएल से नाम वापिस ले लिया। आफ स्पिनर और निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज कोटियान ने मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की जीत में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए उनकी शिकायत की गई। कोटियान ने शानदार वापसी की और इस रणजी सत्र में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने 502 रन बनाने के साथ 29 विकेट लिए थे।

आईपीएल ने कर्नाटक के विकेटकीपर बल्लेबाज बी आर शरत के रोबिन मिंज की जगह गुजरात टाइटंस से जुड़ने की भी जानकारी दी। झारखंड के मिंज मोटर साइकिल दुर्घटना में घायल होने के कारण बाहर हो गए थे। शरत 20 लाख रुपए की बेसप्राइज पर टीम से जुड़े।



## रोहतक की चेष्टा ने जीता गोल्ड

**रोहतक।** हिसार के जुगलान में आयोजित हरियाणा स्टेट कुश्ती चैंपियनशिप के अंडर-15 में रोहतक की बेटी चेष्टा ने 39 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। चेष्टा इससे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी है। चेष्टा के पिता अमन भूटानी और कोच मनदीप ने शुक्रवार को बताया कि चेष्टा छोटूराम स्टेडियम में कड़ा अभयास करती है। कोच मनदीप ने चेष्टा को शुभकामनाएं और आशीर्वाद देते हुए कहा कि चेष्टा कड़ी मेहनत करती है। वह एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराएगी। वहीं, चेष्टा ने भी अपनी जीत का श्रेय कोच मनदीप को दिया है।

## फीफा विश्व कप क्वालीफायर : भारत अफगानिस्तान ने खेला गोलरहित ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| आभा



भारत और अफगानिस्तान ने फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में ग्रुप ए में गोलरहित ड्रॉ खेला और दोनों टीमें गोल करने का एक भी मौका भुना नहीं सकी। गुरुवार को देर रात खेले गए मुकाबले में भारत पहले हाफ में गोल करने के करीब पहुंचा जब मनवीर सिंह ने दो मौके बनाए लेकिन गोल नहीं हो सका। इस मैच के बाद भारत ग्रुप ए में तीन मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि कुवैत के तीन अंक है जिसे कतर ने 3-0 से हराया।

अफगानिस्तान ग्रुप में चौथे स्थान पर है। डामाक स्टेडियम पर दोनों टीमों ने शुरुआत में काफी आक्रामक खेल दिखाया। अफगानिस्तान ने अपनी रफ्तार और कद काठी के दम पर दबदबा बनाने की कोशिश की तो भारतीयों की पासिंग अच्छी थी। जनवरी में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाले विक्रम प्रताप सिंह पहली बार अंतिम एकादश में उतरे और अफगान डिफेंस में सेंध मारने की बारंबार कोशिश की। भारत ने पहले ही मिनट से आक्रामक खेल दिखाया और 17वें मिनट में मनवीर अगर गोल कर देते तो भारत को 2026 विश्व कप और 2027 एएफसी एशियाई कप प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में दूसरे दौर के बाहरी मुकाबले में बढ़त मिल जाती।

## हरियाणा के 15 मुक्केबाज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ग्रेटर नोएडा।** हरियाणा के मुक्केबाजों ने सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन प्रभावी प्रदर्शन किया और नौ लड़के तथा छह लड़कियां क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। उदय सिंह ने 37 किलो वर्ग में पंजाब के रणवीर को 5-0 से हराया। रवि सिहाग (49 किलो), लक्ष्य (52 किलो) और नमन (58 किलो) भी बड़े अंतर से जीतकर आगे पहुंचे। संचित जयानी (46 किलो), अर्पित (55 किलो) और अनमोल दहिया (64 किलो) ने भी अपने अपने मुकाबले जीत लिए। सिद्धांत (61 किलो) ने तमिलनाडु के एम डी देवा आकाश को 3-2 से हराया।

## महिंद्रा ने सरफराज के पिता को तोहफे में दी थार...



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-1 से जीत में अहम भूमिका निभाने पर सरफराज खान को एक खास तोहफा मिला है। महिंद्रा ग्रुप के मालिक आनंद महिंद्रा ने सरफराज के डेब्यू टेस्ट में दमदार प्रदर्शन से प्रभावित होकर उनके पिता नौशाद खान को बधाई दी थी और उन्हें थार गाड़ी तोहफे में देने का वादा किया था, जो उन्होंने शुक्रवार को पूरा कर दिया।

**आल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर में 21-16, 19-21, 16-21 से हारी सिंधू**

# सिंधू, सेन हारे, श्रीकांत और राजावत की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| बासेल



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापानी युवा खिलाड़ी से हार गई जबकि लक्ष्य सेन को प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के ली चिया हाओ ने हराया। भारत के किदाम्बी श्रीकांत, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज अपने अपने मुकाबले जीतकर पुरुष एकल वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में दूसरे दौर में बाहर हुई सिंधू को जापान की 17 वर्ष की जूनियर विश्व चैंपियन तोमोका मियाजाकी के हाथों 21-16, 19-21, 16-21 से पराजय झेलनी पड़ी। वहीं सेन को सिर्फ 38 मिनट में ली चिया हाओ ने 21-17, 21-15 से हराया। श्रीकांत ने मलेशिया के दूसरी वरीयता प्राप्त ली जि जिया को 21-16, 21-15 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि राजावत ने चीन के लेइ ला शि को 21-14, 21-13 से हराया। जॉर्ज ने फ्रांस के एलेक्स लेनियर को 18-21, 22-20, 21-18 से मात दी।

### 36 मिनट में दर्ज की जीत

महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने सिर्फ 36 मिनट में 21-10, 21-12 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया की सेतियाना मापासा और एंजेला यू से होगा। भारत की तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को जापान की रूइ हिरोकामी और युना कातो ने 21-17, 21-16 से हराया।

## साथियान ने जीता पहला डब्लूटीटी फीडर खिताब



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्लूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरुत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्लूटीटी फीडर बैरुत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3-1 (6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया।

महिला एकल में शिया लियान नि विजेता रही जिन्होंने सुह यो वोन को 11-9, 11-5, 11-5 से मात दी। पुरुष युगल में भारत के मानव ठक्कर और मानुष उत्पलभाई शाह फाइनल में एंडी परेरा और जॉर्ज कंपोस से 11-5, 7-11, 11-13, 12-14 से हार गए। मिश्रित युगल में भारत की दिया चितले और मानुष शाह ने हमवतन मानव और अर्चना कामथ को 11-6, 10-12, 11-6, 11-6 से हराकर खिताब जीता।




# अमेरिका में 25 मार्च से निकलेगी राम मंदिर रथ यात्रा

**60 दिन में 48 राज्य 851 मंदिरों तक जाएगी**



**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो से शुरू होने वाली राम मंदिर रथ यात्रा दो महीने तक चलने वाली है, जिसमें भारी संख्या में लोगो के शामिल होने की उम्मीद है। विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) इस यात्रा का आयोजन कर रहा है। वहीं रथ यात्रा के कनाडा खंड का आयोजन कनाडा के विश्व हिंदू परिषद कर रहा है, जो अलग तरह का कार्यक्रम होगा। दर्जनों स्वयंसेवकों ने वीएचपीए के साथ पंजीकरण कराया है। यात्रा के दौरान, जनवरी में अमेरिका में राम मंदिर उद्घाटन समारोह में भाग लेने वाले मंदिरों को भी भागीदारी का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।



अयोध्या के राम मंदिर का फाइल फोटो



- कनाडा में रथ यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा करेगी
- अमेरिका में पहली बार राम मंदिर रथ यात्रा का हो रहा आयोजन
- 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन राम रथ यात्रा का होगा समापन
- 851 अमेरिका के मंदिरों को करेगी कवर
- 150 कनाडा के मंदिरों तक जाएगी
- 8 हजार मील की दूरी तय करेगी
- शिकागो से शुरू होगी रथ यात्रा

### यह भी विशेष

- रथ यात्रा का उद्देश्य लोगों को हिंदू धर्म के बारे में जागरूक करना, शिक्षित और सशक्त बनाना है। आने वाली पीढ़ी के लिए जागरुकता बढ़ाने और दुनिया भर में हिंदू धर्म का प्रसार करने के अभियान में एकजुट होना बहुत जरूरी है।
- टोयोटा सिएना वैन को रथ जैसा रूप दिया जाएगा। इसके ऊपर बने रथ में भगवान राम, देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी। उनके साथ अयोध्या के राम मंदिर से विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत का कलश ले जाया जाएगा।
- रथयात्रा का आयोजन करने वाले विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के महासचिव अमिताभ मित्तल और हिंदू मंदिर सशक्तिकरण परिषद की तेजल शाह नेतृत्व कर रहे हैं।

### आपका स्वागत है मेरे बड़े भाई.. भूटानी पीएम तोबगे ने किया पीएम मोदी का स्वागत

# भारत से भूटान तक चलेगी रेल, पीएम मोदी के दौरे से चीन को लगा बड़ा झटका

एजेंसी ▶▶ थिम्पू

भूटान में आपका स्वागत है, मेरे बड़े भाई.. इन शब्दों के साथ भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने दो दिनों के थम्पू दौरे पर पहुंचे भारतीय प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी का गले लगाकर स्वागत किया है। जिससे एक संकेत मिलता है, कि भूटान में चीन की दाल नहीं गल पाई है।

भूटान की नई सरकार से मिल रहे संकेतों के मुताबिक, भूटान भारत के खिलाफ चीन को रणनीतिक क्षेत्र में कदम जमाने नहीं देगा। पीएम नरेंद्र मोदी दो दिनों के भूटान दौरे पर शुक्रवार को राजधानी थिम्पू पहुंचे हैं। स्वागत में पोस्टर्स लगाए गए हैं। पीएम मोदी ने जिस गर्मजोशी के साथ भूटान पीएम को गले से लगाया, उससे संकेत यही मिलते हैं कि भूटान को घबराने की जरूरत नहीं है।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनों के भूटान दौरे पर शुक्रवार को राजधानी थिम्पू पहुंचे हैं। वहां पीएम मोदी ने जिस गर्मजोशी के साथ भूटान के पीएम को गले से लगाया, उससे संकेत यही मिलते हैं कि भूटान को घबराने की जरूरत नहीं है।



**भूटानी आर्म्ड फोर्सेस ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर**

- कई मुद्दों पर हुई चर्चा संकेतः अब चीन की नहीं गलेगी दाल
- एयरपोर्ट को दुल्हन की तरह सजाया, फूलों की बनाई गईं
- शुक्रवार से दो दिन के भूटान दौरे पर पीएम मोदी



### भूटान दौरे से भारत के साथ दोस्ती की नई गाथा तैयार

पीएम मोदी के भूटान दौरे ने भारत के साथ दोस्ती की नई गाथा तैयार कर दी है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत और भूटान के बीच रेल सेवा शुरू हो जाएगी। समझौता ज्ञापन में दोनों के बीच दो प्रस्तावित रेल संपर्क का प्रावधान किया गया है, जिसमें कोकराझार-गेलेफू रेल संपर्क और बनारहाट-समत्से रेल संपर्क शामिल हैं। इस यात्रा से भारत के दुश्मन चीन को बड़ा झटका लगा है। दोनों देशों ने शुक्रवार को ऊर्जा, व्यापार, डिजिटल संपर्क, अंतरिक्ष और कृषि के क्षेत्र में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए और दोनों देशों के बीच रेल संपर्क संबंधी समझौते को अंतिम रूप दिया।

### लाल कालीन और रंगीन झंडे भी लगे

एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का को भूटानी आर्म्ड फोर्सेस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मोदी के भूटान आगमन से पहले पूरे एयरपोर्ट को दुल्हन की तरह सजाया गया था और फूलों की रंगोलियां बनाई गई थी। पीएम मोदी के स्वागत के लिए भूटानी संस्कृति को चित्रित करने वाला लाल कालीन और रंगीन झंडे भी लगाए गए थे। आगमन से पहले हवाई अड्डे की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। अपनी भूटान यात्रा के दौरान पीएम मोदी भारत-भूटान द्विपक्षीय साझेदारी को और बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

**एक दिन पहले टल गई थी यात्रा**

बता दें कि पीएम मोदी की यात्रा गुरुवार को तय थी, लेकिन थम्पू में खराब मौसम की वजह से यात्रा टल गई थी। आपको बता दें, कि दोनों देशों के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध 1968 में स्थापित हुए थे, जिसकी आधारशिला 1949 में हस्ताक्षरित मित्रता और सहयोग संधि थी और बाद में फरवरी 2007 में इसे नवीनीकृत किया गया था।

# भारतीयों की निकासी के लिए 'ऑपरेशन इंदिरावती' शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हैती से भारतीय नागरिकों की निकासी के लिए भारत ने ऑपरेशन इंद्रावती शुरू किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और भलाई के लिए हमारी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। हैती से भारतीय नागिरकों को निकालकर डोमिनिकन गणराज्य भेजा जाएगा। हैती से 90 भारतीयों को भी निकाला जाएगा।

### हैती से 12 लोगों का जत्था निकला



### पीएम दे चुके इस्तीफा

बता दें, हिंसा और लूटपाट के कारण हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने देश में शांति बहाल करने की अपील की थी। कैरिबियाई देश हैती में गृह युद्ध से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। देश में फैली हिंसा के कारण 3,62,000 हैती वासियों को विस्थापित होना पड़ा। सशस्त्र गिरोह देश की राजधानी पर कब्जा कर चुके हैं।

## डोमिनिकन गणराज्य सरकार को जयशंकर ने दिया धन्यवाद



जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत ने हैती से 12 भारतीयों को निकाला है। उन्होंने डोमिनिकन गणराज्य सरकार को भी धन्यवाद दिया है। पोस्ट के साथ-साथ जयशंकर ने एक्स पर एक तस्वीर भी शेयर की है। गौरतलब है कि हैती में भारत का कोई दूतावास नहीं है। वहां के हालातों पर डोमिनिकन की राजधानी सैंटो डोमिंगो में स्थित भारतीय मिशन द्वारा निगरानी रखी जा रही है।




**बैठक का नेतन्याहू ने किया विरोध**

# अरब मंत्रियों और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ काहिरा

अरब मंत्रियों और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने काहिरा में फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन (पीएलओ) की कार्यकारी समिति के महासचिव हुसैन अल-शेख - फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के विश्वासपात्र के साथ बातचीत की। अब्बास का फिलिस्तीनी प्राधिकरण, जो कब्जे वाले वेस्ट बैंक पर सीमित नियंत्रण रखता है। लड़ाई समाप्त होने के बाद गाजा के प्रशासन में भूमिका निभा सकता है।

### युद्ध पर तत्काल युद्धविराम सुनिश्चित हो

ब्लिंकन ने पहले ही मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी



से मुलाकात कर युद्ध में तत्काल युद्धविराम सुनिश्चित करने और सभी बंधकों की रिहाई पर बातचीत पर चर्चा की थी। विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि शीर्ष अमेरिकी राजनयिक अपने नवीनतम मध्य पूर्व दौरे के हिस्से के रूप में एक दिन पहले सऊदी अरब का दौरा करने के बाद मिस्र में हैं।

### भूकंप के झटकों से हिला इंडोनेशिया का जावा द्वीप



**जकार्ता।** इंडोनेशिया का जावा द्वीप एक बार फिर भूकंप के जोरदार झटकों से हिल गया है। शुक्रवार को इंडोनेशिया के जावा द्वीप के पास 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके राजधानी जकार्ता में महसूस किए गए और दूसरे शहर के निवासियों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। यूएसजीएस ने कहा कि भूकंप की गहराई लगभग 8 किमी थी। यह अपराह्न लगभग 3:52 बजे बवेन द्वीप के पास जावा द्वीप के उत्तरी तट पर आया।

**माजिद ब्रिगेड से पस्त पाक सेना**


# बलूचों ने चीन के 26 अरब डॉलर के बड़े प्रोजेक्ट को कर दिया फेल



एजेंसी ▶▶ बलूच

बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करने की मांग करने वाले अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी के माजिद ब्रिगेड ने पाकिस्तान के रणनीतिक ग्वादर बंदरगाह के बाहर फिर से एक भीषण बम धमाका किया है। बुधवार को हुए इस बम धमाके में कम से कम 25 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई है। हालांकि, पाकिस्तान का कहना है, कि हमले में आठ आतंकवादी और दो सुरक्षाकर्मी मारे गए, लेकिन बीएलए ने 25 सुरक्षाकर्मियों को मारने का दावा किया है। माजिद ब्रिगेड ने कराची में चीनी वाणिज्य दूतावास (2018), ग्वादर पर्ल कॉन्टिनेंटल होटल (2019) और कराची में पाक स्टॉक एक्सचेंज (2020) पर भी हमला किया है। इसीलिए, 26 अरब डॉलर का सीपीईसी प्रोजेक्ट पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है, क्योंकि पूरे बलूचिस्तान ने पाक और चीन के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है।

## रूस का यूक्रेन पर दूसरा बड़ा हमला, तबाह विद्युत संयंत्र



**कीव।** रूस ने पुतिन के फिर सत्ता में आने के बाद यूक्रेन पर हमला तेज कर दिया है। रूस ने यूक्रेन पर दूसरा सबसे बड़ा हमला किया है। रूसी सेना ने इस बार यूक्रेन के सबसे बड़े जलविद्युत संयंत्र सहित देश के कई हिस्सों में बिजली सुविधाओं पर हमला किया, जिससे बड़े पैमाने पर कई शहरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इन हमलों के कारण कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई। खारकीव क्षेत्र में ऊर्जा सुविधाओं पर हमलों के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशचेंको ने कहा कि रात के समय किए गए ड्रोन और रॉकेट हमले 'यूक्रेनी ऊर्जा क्षेत्र पर सबसे बड़े हमले' हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने कहा कि दुनिया रूसी आतंकवादियों के लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से देखती है। रूस लोगों के सामान्य जीवन के खिलाफ लड़ रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109